खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 13 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम : 12° C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 | 24 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्राफी को बदलना चाहते हैं: योगी पेज 2



रुतुराज गायकवाड़ पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



आम्बेडकरवादी भी जातिवादी हैं! सम्पादकीय



ईरान से वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रम्प, ईरान को बताया जिम्मेदार पेज 12

# वैश्विक ताकत की रेस में कमजोर हुआ सुपर पावर अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता**



■ **शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े हुए, ईरान युद्ध से अमेरिका को झटका, कई मोर्चों पर असर, चीन-रूस को होगा फायदा**

ईरान युद्ध ने वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े कर दिए हैं। जहां अमेरिका को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं चीन और रूस इस स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाते नजर आ रहे हैं।

आने वाले समय में यह संघर्ष वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। ईरान में जारी युद्ध और उससे उपजे भू-राजनीतिक तनाव ने अमेरिका की वैश्विक स्थिति पर गहरा असर डाला है। विश्लेषकों के मुताबिक इस संघर्ष ने न केवल अमेरिका की रणनीतिक पकड़ कमजोर की है, बल्कि रूस और चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों को नए अवसर भी प्रदान किए हैं। हाल ही में 14 दिन के संघर्षविराम के बाद भले ही अमेरिका और ईरान दोनों ने जीत का दावा किया हो, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इस घटनाक्रम को अमेरिका के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है। इस रिपोर्ट में उन चार प्रमुख पहलुओं को समझाया गया है, जिनके जरिए ईरान में जारी संघर्ष ने 21वीं सदी की वैश्विक महाशक्ति प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की स्थिति को कमजोर किया है। अमेरिका लंबे समय से पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक हितों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों ने उसकी चुनौतियां बढ़ा दी हैं। शीत युद्ध के दौर में अमेरिका का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को सीमित करना था, जबकि साथ ही इजरायल और पाकिस्तान जैसे सहयोगियों के परमाणु विकास पर नजर रखना भी शामिल था। 2020 के दशक में यह फोकस बदलकर चीन और रूस के बढ़ते प्रभाव को रोकने पर केंद्रित हो गया। वहीं चीन और रूस ने विभिन्न गठबंधनों और कूटनीतिक कदमों के जरिए पश्चिम एशिया में अपनी पकड़ मजबूत की है। चीन ने 2023 में सऊदी-ईरान समझौते में मध्यस्थता की, जबकि रूस ने ईरान और सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाया। बदलते हालात में खाड़ी देश अब सुरक्षा और सहयोग के लिए नए विकल्प तलाश रहे हैं। अमेरिका का रणनीतिक फोकस हाल के वर्षों में लगातार पश्चिम एशिया से हटकर इंडो-पैसिफिक और पश्चिमी गोलार्ध की ओर बढ़ रहा था, लेकिन ईरान में छिड़े युद्ध ने इस दिशा को उलट दिया। इराक और अफगानिस्तान के लंबे युद्धों के बाद रूस और चीन ने इसी खालीपन का फायदा उठाते हुए क्षेत्र में अपने सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संबंध मजबूत किए। नवम्बर 2025 की अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भी पश्चिम एशिया को कम प्राथमिकता देने की बात कही गई थी, लेकिन ईरान युद्ध ने इस नीति से विपरीत स्थिति पैदा कर दी। ट्रम्प द्वारा बिना सहयोगी देशों से सलाह किए लिए गए फैसलों ने नाटो और अन्य साझेदारों में असंतोष बढ़ाया।

# सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का निधन

## 92 साल की उम्र में ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस



■ **चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में हुई थीं भर्ती**

■ **आज शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा अंतिम संस्कार**

**मुंबई।** सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डा. प्रतीत समदानी ने बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-आर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले का पार्थिव शरीर हॉस्पिटल से उनके घर लाया गया। आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं, तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### वृंदावन नाव हादसे में दो लापता शव मिले मृतक संख्या हुई 13

**मथुरा।** उप्र में मथुरा जिले के वृंदावन क्षेत्र में यमुना नदी में हुए भीषण नाव हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के तीसरे दिन रविवार को दो और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। प्रशासन और बचाव दल अब भी तीन लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। रविवार सुबह पंजाब के लुधियाना निवासी बीए अंतिम वर्ष की छात्रा डिकी तथा जगराओं निवासी ऋषभ शर्मा के शव बरामद किए गए। दोनों शव नदी में ऊपर आने के बाद रस्सी के सहारे बाहर निकाले गए। परिजनों ने भावुक माहौल में उनकी पहचान की। इससे पहले शनिवार को मानिक टंडन नामक युवक का शव मिला था, जिसकी सितम्बर में शादी तय थी। बचाव कार्य को तेज करते हुए प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन का दायरा 14 किलोमीटर से बढ़ाकर 20 किलोमीटर कर दिया है।

### उत्तर प्रदेश समेत 16 राज्यों में आज से बढ़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, यूपी-एमपी, दिल्ली, गुजरात समेत देश के 16 राज्यों में इस हफ्ते पारा 40डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, ओडिशा में 2 दिन बाद लू चलने की आशंका है। हालांकि, रविवार को केरल, कर्नाटक, सिक्किम, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, असम, मेघालय, अरुणाचल, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में बारिश का अलर्ट है। शनिवार शाम को अटल टनल और मनाली के आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई।

### स्टालिन के आरोप तथ्यों से परे, राजनीति से प्रेरित: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के उन आरोपों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ने राज्य के धान किसानों को बोनस न देने का निर्देश दिया है। सीतारमण ने कहा कि स्टालिन के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और जानबूझकर लोगों को गुमराह करने के प्रयास के तहत लगाए गए हैं। एक राज्य के सीएम से, जो एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं, इस तरह के व्यवहार की उम्मीद नहीं की जाती है।

# इस्लामाबाद में अमेरिका ईरान वार्ता रही बेनतीजा

## नहीं हो सका कोई समझौता, दोनों प्रतिनिधिमंडल वापस लौटे

**इस्लामाबाद, वार्ता**





■ **मिडिल ईस्ट में एक बार फिर जंग शुरू होने की आशंका बढ़ी**

■ **अमेरिका ने कहा: ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार करने से इन्कार किया**

■ **लेबनान मुद्दे को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई**

■ **ईरान का कूटनीतिक रुख कायम कहा- बहाना तलाश रहा था अमेरिका**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्लामाबाद में शांति वार्ता को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। 21 घंटे की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला है और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से लौटा गया है। इससे अब एक बार फिर जंग शुरू होने की आशंका बढ़ गई है, हालांकि लेबनान को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है।

पाकिस्तान में हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद ईरान का प्रतिनिधिमंडल वापस लौट गया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है, जब अमेरिका- ईरान वार्ता किसी ठोस समझौते पर नहीं पहुंच सकी। ईरान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि कूटनीति का रास्ता कभी समाप्त नहीं होता और वह बातचीत के लिए हमेशा तैयार है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार कूटनीति राष्ट्रीय हितों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ईरान, पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों के साथ परामर्श की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, संवाद और बातचीत के रास्ते खुले रहेंगे। क्षेत्रीय मुद्दों पर विभिन्न देशों के साथ संपर्क और चर्चा जारी रखने पर जोर दिया गया है। ईरानी पक्ष से जुड़े एक सूत्र ने दावा किया है कि अमेरिका वार्ता से बाहर निकलने के लिए बहाना तलाश रहा था। अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बातचीत का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन मौजूदा मतभेदों और युद्ध जैसे हालात के चलते कोई समाधान नहीं निकल सका। सूत्र ने यह भी संकेत दिया कि ईरान ने फिलहाल आगे की वार्ता को लेकर कोई योजना नहीं बनाई है, जिससे कूटनीतिक तनाव और बढ़ सकता है। 21 घंटे तक चली मैराथन वार्ता के बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने किसी भी समझौते पर सहमति नहीं बनने की पुष्टि की और पाकिस्तान से वापस लौट गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंसकहा कि ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया।

### पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से कहा- हम निभा सकते हैं मध्यस्थ की भूमिका

**मास्को।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच शांति की कोशिशों को लेकर नई हलचल देखने को मिली है। पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए रूस की भूमिका निभाने की इच्छा जताई। यह बातचीत उस समय हुई है, जब इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान वार्ता कोई ठोस नतीजा नहीं दे सकी। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस पश्चिम एशिया में राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान खोजने में मदद करने के लिए तैयार है।

### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से 20 लाख डॉलर शुल्क के साथ 10 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से प्रतिदिन लगभग 10 जहाजों को गुजरने की अनुमति देने का फैसला किया है, जिसमें सुपरटैंकर के लिए शुल्क 20 लाख डॉलर तक हो सकता है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जनरल ने अपनी एक रिपोर्ट में दी। अखबार के मुताबिक, कई देशों के जहाज मालिक आईआरजीसी के साथ इस स्ट्रेट से गुजरने के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो जहाज इस रास्ते से गुजरेंगे, उन्हें तय किए गए विशेष मार्गों पर ही चलना होगा और आवश्यक अनुमति लेनी होगी। गौरतलब है कि बुधवार रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने की घोषणा की थी। यह स्ट्रेट दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी की आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

# भारत ने दी चीन को दो टूक चेतावनी

## अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **विदेश मंत्रालय ने कहा- इस तरह की हकरतें भ्रामक व निराधार**

भारत ने चीन की उन कोशिशों को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिनमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें भ्रामक और निरर्थक हैं और भारत इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करता है।

मंत्रालय के अनुसार चीन की तरफ से किया गया यह कदम गलत और बिना आधार का है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह खारिज करता है। जायसवाल ने दोहराया कि भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं करेगा। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत ऐसे सभी भ्रामक और गलत प्रयासों को पूरी तरह अस्वीकार करता है। उन्होंने साफ कहा कि चीन द्वारा किए जा रहे झूठे दावे और मनगढ़ंत कहानियां किसी भी तरह की सच्चाई को नहीं बदल सकतीं। अरुणाचल प्रदेश समेत भारत के सभी क्षेत्र हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहे हैं और आगे भी रहेंगे। बता दें कि विदेश मंत्रालय का यह बयान चीन की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों के नए नाम जारी करने की कोशिश की थी। ऐसे में भारत ने इसे एक बार फिर राजनीतिक और भड़काऊ कदम बताया है और ऐसे सभी दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

# राहुल ने 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को हरी झंडी दिखाई।

मैराथन नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित सफदर हाशमी मार्ग से शुरू होकर डॉ. अंबेडकर नेशनल मेमोरियल (26, अलीपुर रोड) तक जाएगी। इस आयोजन का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के सहयोग से किया। इस मौके पर गांधी ने कहा कि 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन बाबासाहेब अंबेडकर जी के विचारों और भारतीय संविधान के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे समय में हमें हर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

### अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू 15 अप्रैल से पंजीकरण

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को घोषणा की कि श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होगी और 28 अगस्त को समाप्त होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए प्रथम पूजा 29 जून 2026 को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन आयोजित की जाएगी। यहां लोक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कुल 57 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से शुरू होगा।

# चार मई के बाद बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार: मोदी

**कोलकाता, वार्ता**



■ **टीएमसी को देना होगा पाई-पाई का हिसाब**

■ **सिलीगुड़ी में पीएम ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिलीगुड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के लोगों ने हमेशा उन्हें भरपूर प्यार दिया है और कल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब यह साफ करता है कि बंगाल अब परिवर्तन का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार के 15 साल के शासन में बंगाल सिर्फ बर्बाद हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जो युवा आज पहली बार वोट देने जा रहे हैं, वे बंगाल का भविष्य तय करें। ये किसी के भी काम के मूल्यांकन का बहुत बड़ा समय है। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने 15 वर्षों में कोई काम नहीं किया, बल्कि सिर्फ काले कारनामे किए हैं। उन्होंने सिलीगुड़ी को नार्थ बंगाल का प्रवेश द्वार बताते हुए कहा कि टीएमसी ने जान-बूझकर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री और टूरिज्म को पीछे रखा। केंद्र सरकार ने जो पैसा भेजा, उसे सिंडिकेट वाले हजम कर गए। पीएम मोदी ने टीएमसी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि इस निर्मम सरकार ने मदरसों के लिए तो 6,000 करोड़ रुपये का बजट दिया, लेकिन नार्थ बंगाल के विकास के लिए पर्याप्त पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब नार्थ बंगाल बारिश और तबाही से जूझ रहा था, तब टीएमसी सरकार कोलकाता में जश्न मना रही थी। पीएम ने टीएमसी को नार्थ बंगाल, आदिवासी, चाय-बागान, महिला और युवा विरोधी पार्टी बताया। भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी, टीएमसी वाले कान खोलकर सुन लें, चार मई के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और उन्हें पिछले 15 वर्षों के पल-पल और पाई-पाई का हिसाब देना होगा। सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी कारिडोर मां भारती की भुजा है, लेकिन टीएमसी ने तुष्टिकरण के लिए उन टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन किया जो नार्थ-ईस्ट को देश से अलग करने की धमकी देते हैं। चाय बागानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि असम की भाजपा सरकार श्रमिकों को जमीन के पट्टे और सुविधाएं दे रही है, जबकि टीएमसी इन्हें बर्बाद कर रही है।

# भाजपा ने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया

■ **16-18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा, महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र, पीएम ने पत्र लिखा**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है।

इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा।

## एक नजर

### आश्रम में सत्संग परिवार की बैठक



**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान (चंद्रलोक कॉलोनी) स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर एवं आश्रम में सत्संग परिवार की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता आश्रम के 'संरक्षक अध्यक्ष महंत पंडित रविंद्र भारद्वाज संघर्षी महाराज' ने की। संचालन महाराज के शिष्य पंडित विनोद शर्मा कर्मकांडी, अकबरपुर देवमल निवासी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महंत पं.रविंद्र भारद्वाज संघर्षी ने कहा कि वर्तमान में धर्म के मार्ग पर चलना अंगारों पर चलने के समान है। उन्होंने कहा कि आज देश, धर्म-संस्कृति के मूल बिंदुओं को बचाए रखने की जिम्मेदारी सभी भजनानंदियों तथा माता पिताओं की है। आज भजन के नाम पर आंख मूंदकर बैठने से काम नहीं चलने वाला, बल्कि सभी को अपने बच्चों को समाज में व्याप्त सभी बुराईयों से बचने के लिए सभी को अपनी अपनी आंखें खोलनी होंगी। इस मौके पर धामपुर निवासी नीलम चौहान, डा.सुधीर कुमार रघुवंशी, संध्या सैनी, परम सिंह सैनी ने गुरु महाराज से गुरु दीक्षा भी ग्रहण की। बैठक में कुसुम शर्मा, बीना साधना, गीता राठी, रूपा सैनी, हेमलता देवी, मिनाक्षी भारद्वाज, जगवती देवी, सुलेखा भारद्वाज, आशा सैनी, रिंकी देवी, लक्ष्मी देवी, राजो दवी, विनोद कुमारी, संध्या देवी, बीना साधना ममता भारद्वाज, ज्वाला राजपूत, साक्षी पवार, हिमानी सैलानी, तानिया सैलानी, मनचल देवी, पं. शिवा शर्मा, पं. देव भारद्वाज, परम सिंह सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**हल्दौर।** थाना परिसर में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने कहा कि जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में निकाले जाएं। उन्होंने जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ नारेबाजी या विवादित गतिविधि से बचने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि जुलूस निर्धारित मार्ग और समय का पालन करते हुए निकाले जाएं तथा डीजे की आवाज निर्धारित मानकों के अनुसार ही रखी जाए, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। बैठक में रवि कुमार, मुन्ना सिंह, मनीष कुमार, शीशराम सिंह, संजीव कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, संजय कुमार, विशंभर सिंह, दिनेश कुमार, अंकित कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई

**धामपुर।** मौहल्ला हजरतनगर, थाना नूरपुर नवासी मौहम्मद अफसर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका छोटा भाई इसरार अहमद ग्राम तिवड़ी मनझेड़ा निवासी आशु सिद्दीकी के साथ कपड़ों का कारोबार करता था। आठ फरवरी को इसरार करीब चार लाख रुपये नगद और कुछ ऑनलाइन लेन-देन के साथ अपने साथी के पास गया था।परिजनों के अनुसार 18 फरवरी को इसरार घर से अपने दोस्त के पास जाने की बात कहकर निकला था और 21 फरवरी तक उससे फोन पर संपर्क भी होता रहा। इसके बाद अचानक उसका संपर्क टूट गया। वहीं, दोस्त का कहना है कि उसने इसरार को स्योहारा छोड़ दिया था, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। मामले को लेकर परिजनों ने चिंता जताते हुए अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि युवक की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### सद्भावना यात्रा का स्वागत

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर में पूर्व मुस्लिम सद्भावना यात्रा का संस्थान की प्रबंधक कमलेश आर्य की ओर से स्वागत किया गया। यात्रा में सभी अतिथियों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आर्य समाज के उपदेशक कुलदीप विद्यार्थी ने बताया कि यह यात्रा संदेश देने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। लोगों के अंदर जो भय बना हुआ है, उनको भयमुक्त करना ही यात्रा का उद्देश्य है। देश के कई राज्यों के पूर्व मुस्लिम यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में इमरोज आलम, अब्दुल समद, परवीन खातनू, सुहैल, वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रसिक चौहान, राहुल चौहान, रजत राजपूत आदि रहे। यात्रा का गरिमा आर्य, डॉ. अजयवीर सिंह, आदेश चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश वैद्य, गगन आर्य, बेगराज सिंह, डॉ. पवन, बबलू, प्रजापति, एडवोकेट कामेंद्र सिंह, मोहन सिंह आदि ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसएसआई योगेन्द्र सिंह, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

---

एसी कोच में लूटपाट का मामला

# पूर्व सभासद की निशानदेही पर दूसरे दिन भी चली जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** चलती ट्रेन में यात्रियों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के मामले में पकड़े गए आरोपी पूर्व पालिका सभासद हरवेंद्र सिंह उर्फ सन्नी की निशानदेही पर मध्य प्रदेश जीआरपी पुलिस ने दूसरे दिन भी जांच-पड़ताल जारी रखी। पुलिस टीम ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने और घटनाक्रम को समझने का प्रयास किया।



प्राप्त समाचार के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व जबलपुर-सिहोरा रेलखंड पर यात्रा के दौरान आरोपी ने एक महिला यात्री का पर्स छीन लिया था और मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद वह करीब पांच घंटे तक एक तालाब में कमल की पत्तियों के सहारे छिपा रहा, लेकिन अंततः पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए भोपाल जीआरपी आरोपी को अपने साथ हल्दौर लेकर पहुंची। यहां पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कई स्थानों का निरीक्षण किया और घटनास्थलों से जुड़े तथ्यों को समझने के लिए रेखाचित्र भी तैयार किए। भोपाल जीआरपी के उपनिरीक्षक मिथलेश भारद्वाज ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही चोरी गए सामान की बरामदगी और घटना में संभावित अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सहसपुर मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**स्योहारा।** धामपुर रोड स्थित भाग्यश्री मंडप में सहसपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में वर्ग प्रमुख सुरेश चंद चौहान तथा मुख्य वक्ता सीपी सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह व नामांकन मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद द्वितीय न्याय पंचायत हर्षवाड़ा नजीबाबाद में प्रतिभा सम्मान समारोह, वार्षिकोत्सव एवं नवीन नामांकन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूमाना चेयरमैन जलालाबाद तथा संचालन मास्टर तनवीर अहमद ने किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ राजमोहन गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी नजीबाबाद द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मिष्टी, दीपिका, फिजा खान, नन्दिनी, अदिना, शाहेनूर, आयत, इशरा, सायबा, बरीर, माहिरा, हुमैरा, आलोक, शैलजा, अक्शा, अलीशा, रूमायशा, आफिया, शाहेनूर आदि बच्चों ने स्वागत व देशभक्ति गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राजमोहन गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपने छह से चौदह वर्ष के सभी बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में समस्त अध्यापक ट्रेन्ड होते हैं। यहां पर समस्त पुस्तकें व ड्रेस, जूता मौजे आदि निःशुल्क मिलते हैं। समारोह को राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल, नीरज चन्द्रा सभासद नगर पंचायत जलालाबाद, रूमाना अध्यक्ष नगर पंचायत जलालाबाद नाजिश परवीन, मौहम्मद साजिद, फरहत खान, इफ्फत नाहिद, शमा, शफीक जैदी, तनु राजपूत, मोईनुद्दीन, वैशाली गुप्ता, बबीता दास आदि ने सम्बोधित किया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा पांच में प्रथम स्थान छात्रा विद्या, द्वितीय आयत व तृतीय स्थान परी ने प्राप्त किया। कक्षा चार में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः अकशा, अलीशा, आर्यन व शाहेनूर कक्षा तीन में मिसबाह, सारानूर व जव्वाद, कक्षा दो में ताहिरा खातून, मौहम्मद रिहान व सिदरा परवीन तथा कक्षा एक में अली हसन, महक व उमैरा को राजमोहन गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी, राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल, विम्मी रानी, रूमाना चेयरपर्सन, नीरज चन्द्रा, सभासद, नाजिश परवीन, मास्टर तनवीर अहमद ने प्रतीक सिंह देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर तौफीक अहमद, माजिदा, गुलशन, रूबीना आदि अभिभावक मौजूद रहे।

# आशा भोंसले के निधन पर शोक सिनेमा जगत को अपूरणीय क्षति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की महान पार्श्वगायिका आशा भोंसले के निधन पर धामपुर में शोक की लहर दौड़ गई। इतिहासकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एड. ने उनके निधन को सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



उन्होंने बताया कि आशा भोंसले का जन्म आठ सितम्बर 1933 को सांगली में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के परिवार में हुआ था। बचपन से ही उन्होंने अपने पिता से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त की, लेकिन अल्पायु में ही पिता के निधन के बाद उन्हें आर्थिक परिस्थितियों के चलते फिल्मों में गायन का कार्य करना पड़ा। आशा भोंसले ने वर्ष 1943 में मराठी फिल्म माइना बाल के लिए अपना पहला गीत 'चला चला नव बला' गाया। इसके बाद 1948 में हिंदी फिल्म चुनरिया के लिए 'सावन आया' गीत से उन्होंने हिंदी सिनेमा में कदम रखा। वर्ष 1949 में उन्होंने गणपतराव भोंसले से विवाह किया, जिसके बाद उनका नाम आशा मंगेशकर से आशा भोंसले हो गया। उनके तीन संतान हैं, जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री वर्षा भोंसले शामिल हैं। उनके छोटे पुत्र आनंद भोंसले उनके करियर का प्रबंधन करते रहे हैं। उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली समेत कई भाषाओं में हजारों गीत गाए। शास्त्रीय, गजल, पॉप और कैबरे सहित हर शैली में अपनी अलग पहचान बनाई। उनके प्रसिद्ध गीतों में 'पिया तू अब तो आजा, 'दम मारो दम', 'चुरा लिया है तुमने', 'इन आंखों की मस्ती' और 'ये मेरा दिल' जैसे सदाबहार गीत शामिल हैं। आशा भोंसले को वर्ष 2000 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया तथा ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने कहा कि आशा भोंसले के निधन से संगीत जगत का एक मजबूत स्तंभ सदा के लिए खामोश हो गया है, जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

### पशुओं को पानी पिलाने को लेकर दो पक्षों में झड़प

**नहटौर।** ग्राम हरगनपुर में सरकारी नल पर पशुओं को पानी पिलाने को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान एक बुजुर्ग के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार हरगनपुर निवासी हिमांशी देवी पत्नी प्रशांत कुमार अपने पशुओं को घर के पास स्थित सरकारी नल पर पानी पिला रही थीं। इसी दौरान गांव की गायत्री पुत्री रामकिशन सिंह वहां पहुंचीं और हिमांशी देवी को पानी पिलाने से रोका। उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया।हिमांशी देवी के विरोध करने और कारण पूछने पर गायत्री ने अपने परिजनों, रामकिशन पुत्र नत्थू सिंह और पुष्पेंद्र पुत्र रामकिशन को मौके पर बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने हिमांशी देवी के ससुर रघुवीर सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार रघुवीर सिंह को जमीन पर गिराकर लात-घूसों और डंडों से पीटा गया। शोर सुनकर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने नहटौर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम

**स्योहारा।** ब्लॉक बुढ़नपुर के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर में नवीन प्रवेश कराओ साइकिल पाओ कार्यक्रम के तहत कक्षा एक के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से नवप्रवेशित बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप साइकिलें वितरित की गई। जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े और विद्यालय आने के लिए उन्हें प्रेरणा मिल सके। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनीस अहमद ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अभिभावकों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने और नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रधानाध्यापक जमीरुद्दीन, सहायक अध्यापक शाहिद हसन, जगदीप सिंह, पिंकी भारती सहित अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जंगल सफारी का आनंद लिया



**कासमपुर गढ़ी।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्वनी त्यागी सहित समिति के दर्जन भर से अधिक सदस्यों ने अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया का दौरा किया और जंगल सफारी का आनंद लेते हुए यहां की प्राकृतिक सुंदरता को सराहा। सफारी के दौरान सभापति अश्वनी त्यागी व बाकी सदस्यों ने यहां की प्राकृतिक सुंदरता को सराहा। इस मौके पर मौजूद डीएफओ बिजनौर जय सिंह कुशवाहा, तहसीलदार धामपुर धनंजय सिंह एवं अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर आदि को पर्यटकों के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

### अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन



**कासमपुर गढ़ी।** मानव वन्य जीव संघर्ष रोकथाम न्यूनीकरण एवं वनाग्नि के सम्बंध में फील्ड डायरेक्टर कार्बेट टाइगर के निर्देशन में वन क्षेत्राधिकारी कार्बेट टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में बेला रेंज के अंतर्गत्त ईडीसी ग्राम ढेला में प्रभाग दिवस के अवसर पर ग्राम बेला के स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के साथ जन जागरुकता बैठक तथा अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों से वनक्षेत्रों में वन्य जीवों की बढ़ती सक्रियता के मद्देनजर लकड़ी एवं चारापत्ती एकत्र करने हेतु वनक्षेत्र में प्रवेश न करने तथा वर्तमान में चल रहे फायर सीजन में वनों को आग से सुरक्षित रखने हेतु अपील करते हुये मानव वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम हेतु सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक में भानु प्रकाश हर्बोला वन क्षेत्राधिकारी, सुनील नैनवाल क्षेत्र पंचायत सदस्य, खीम सिंह बौरा ईडीसी अध्यक्ष, प्रताप सिंह रावत, नवीन चंद्र, वन दरोगा, शोएब अंसारी, वन आरक्षी, अवनीश बिष्ट वन आरक्षी, कुमारी शिवानी वन आरक्षी आदि बैठक में शामिल हुए।

### फिजिक्सवाला का 'आगाज' इवेंट



**बिजनौर।** फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) द्वारा विद्यार्थियों के लिए 'आगाज' इवेंट का आयोजन किया। जहां बिजनौर के विद्यार्थियों ने पीडब्ल्यू विद्यापीठ-पाठशाला केंद्र पहुंचकर अनुभवी शिक्षकों से जेईई, नीट और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को पीडब्ल्यू के फैकल्टी मेंबर राहुल पंचोली सर (फिजिक्स) से मिलने का अवसर भी प्रदान किया, जो विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने लाइव क्विज में भाग लिया और पुरस्कार जीते। इस गतिविधि में शामिल होने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। पीडब्ल्यू विद्यापीठ-पाठशाला बिजनौर के सेंटर हेड मोहसिन खान ने कहा, 'आगाज के माध्यम से, हम बिजनौर में व्यवस्थित और तकनीक-आधारित शिक्षा लाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहते थे। विद्यार्थियों को शिक्षकों के साथ सीधा संवाद और अध्ययन मॉड्यूल प्रदान करके, हमारा लक्ष्य कक्षा की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बीच के अंतर को कम करना है। हमारा ध्यान छात्रों को उनके शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए हमारे ऑफलाइन बुनियादी ढांचे के माध्यम से निरंतर शैक्षणिक सहायता प्रदान करने पर बना हुआ है।'

### बच्चों के विवाद में मारपीट

**नहटौर।** ग्राम तुराबनगर नगला निवासी पिंकी पत्नी शमशेर सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी विवाद के चलते विपक्षी शिबरे और उसके तीन बेटों विपिन, काले और सुनील ने महिला के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट और एक्सरे प्लेट के आधार पर चिकित्सकों ने उनके बाएं हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि की है। गंभीर चोट को देखते हुए पुलिस ने मामले में साधारण मारपीट की धाराओं के बजाय गंभीर धाराएं लगाई हैं। पुलिस ने इस मामले में मुक. दमा अपराध संख्या 111/2026 पंजीकृत किया है। उप-निरीक्षक राकेश मोहन को इस मामले की विवेचना सौंपी गई है।

---

# अयोध्या में कारसेवकों पर गोली किसने चलवाई थी

अखिलेश के आरोपों पर नृपेंद्र मिश्रा का आरोप

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाने वाले आरोपों पर जवाब दे दिया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलिश यादव इस मामले को लेकर नृपेंद्र मिश्रा पर आरोप लगाते हैं। अब हाल ही में फिर इस मामले पर विवाद छिड़ गया है, जिससे सूबे की सियासत गरमा गई है।

अखिलेश यादव लगातार नृपेंद्र मिश्रा पर गोली चलवाने के आरोप लगाते रहे हैं। एक प्रेस वार्ता में नृपेंद्र मिश्रा से सवाल किया गया कि अखिलेश यादव ने 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलीबारी पर आप पर सवाल उठाया है। उस समय आप प्रमुख सचिव थे। अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर उन्होंने कहा कि हां मैं सचिव था। अखिलेश यादव द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर स्पष्ट करते हुए नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस तरह के निर्णय प्रमुख सचिव स्तर पर नहीं किए जाते हैं। ऐसे निर्णय 90 प्रतिशत राजनीतिक होते हैं, जिसमें 10 प्रतिशत राय गृह सचिव/सचिवों और डीजीपी की होती है। वह देश के नेता जी के बेटे हैं, इसलिए उनको तो सभी जानकारी होगी। मैं मुलायम सिंह यादव की सरकार के समय में सचिव भी था। पत्रकार वार्ता के दौरान एक अहम सवाल पर नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि बड़े फैसलों में जहां 10 प्रतिशत निर्णय प्रशास. निक होते हैं, वहीं 90 प्रतिशत फैसले राजनीतिक होते हैं।

# आशा भोंसले ने संगीत के एक युग को परिभाषित किया : मुर्मू

राष्ट्रपति ने निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वर कोकिला आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने देश में संगीत के एक युग को परिभाषित किया है और उनका गायन अमर रहेगा।



श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आशा भोसले के निधन ने संगीत की दुनिया में एक खालीपन छोड़ दिया है। एक महान गायिका के तौर पर उन्होंने भारत में संगीत के एक पूरे दौर को परिभाषित किया है। उनके साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने की मेरी बहुत प्यारी यादें हैं। उन्होंने कहा, एक कलाकार और एक इंसान के तौर पर उन्होंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जी। उन्होंने अपनी सुरीली और सदाबहार आवाज से दशकों तक भारतीय संगीत को समृद्ध किया। उनका गायन हमेशा अमर रहेगा। उनका जाना संगीत प्रेमियों के लिए एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। मैं उनके परिवार और उनके अनगिनत चाहने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि पद्मश्री और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती भोसले का 92 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। उन्हें सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### कोडीन कफ सिरप तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की अंतरराज्ईय और अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के मामले में सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने प्रयागराज से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने रविवार को बताया कि थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य ड्रग माफिया शुभम जायसवाल और भोला प्रसाद जायसवाल के करीबी संस्कार वर्मा तथा उसके पिता विनोद कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी संगठित तरीके से दिल्ली स्थित वान्या इंटरप्राइजेज के माध्यम से कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप की बड़ी खेप मंगाते थे और उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट करते थे।

# बदलाव को विज्ञान-तकनीक जरूरी

जनजातीय जीवन सम्मेलन में बोल उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जनतजातीय जीवन में बदलाव के लिए विज्ञान और तकनीक को जरूरी बताया है। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन विषयक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आधुनिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।



सम्मेलन का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने नेक्टर और आईटीआईटीआई दून संस्कृति स्कूल के सहयोग से किया गया। श्री राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समुदाय भारत की संस्कृति, परंपरा और जैव विविधता के सच्चे संरक्षक हैं। देश में लगभग 1.4 लाख जनजातीय गांव हैं, जहां करीब नौ प्रतिशत आबादी निवास करती है। इन समुदायों के पास पारंपरिक ज्ञान का समृद्ध भंडार है, जो प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग में सहायक है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जब आधुनिक विज्ञान और तकनीक, भाषा, आस्था और संस्कृति के साथ समन्वय में काम करते हैं, तो यह सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनता है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में हरित आर्थिक विकास की अपार संभावनाओं पर भी जोर दिया।


उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से जनजातीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी संभव है। श्री राधाकृष्णन ने 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका मूल मंत्र 'विकास भी, विरासत भी' है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास को आगे बढ़ाना ही देश की प्राथमिकता है। उन्होंने जनजातीय उत्थान के लिए सरकार की विभिन्न पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नयन कार्यक्रम के तहत हजारों किलोमीटर सड़क और सैकड़ों पुलों को मंजूरी दी गई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की मौत

## लकड़ी ऊपर गिरने से हुआ हादसा, परिवार में पसरा मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ग्राम फुलसंदा के पास लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। ट्रॉली पर लदे भारी लकड़ी के लट्ठे चालक के ऊपर गिर गए। लकड़ियों में दबकर चालक की मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार की दोपहर करीब एक बजे क्षेत्र के ग्राम रुखड़ियो निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बिशन लाल अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पॉपुलर की लकड़ी भरकर नजीबाबाद की ओर जा रहे थे। ग्राम फुलसंदा के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरा। ट्रॉली पलटने से उस पर लदी भारी लकड़ियां सीधे चालक राजेंद्र के ऊपर आ गिरीं। वह लकड़ियों के नीचे बुरी तरह दब गए, जिससे उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। सूचना मिलते ही नहटौर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर बचाव कार्य शुरू किया।

काफी मशक्कत के बाद भारी लकड़ी के लट्ठों को हटाकर चालक के शव को बाहर निकाला जा सका। उनके परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है।



पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक हुए लामबंद: चंद्रहास

## आज निकालेंगे मशाल जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले कल (आज) टीईटी के विरोध में होने वाले मशाल जुलूस की सफलता को लेकर जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता को लेकर देश के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। जिसे सरकार को समझना होगा, क्योंकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद सरकार ने 23 अगस्त, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के खिलाफ षडयंत्र है, जबकि वर्ष 2011 से शिक्षकों की नियुक्ति में टीईटी की अर्हता अनिवार्य की गई है। जिसके लिए अंत तक संघर्ष करेंगे।

बैठक में महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीम बानो, राजेश कुमार रवि, शूरवीर सिंह, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र के राव, सुशील कुमार, सुभाष चंद, सुनील कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, मुजफ्फर इस्लाम, नवीन चौधरी, उमेश चंद्र, टीकम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, योगेंद्र कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, मौहम्मद शादाब, रिहान आलम, मौहम्मद शाहनवाज, कुलदीप कुमार, अरविंद कुमार, विजेंद्र कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### नीलगाय की टक्कर से मौत



**बिजनौर।** शिवालाकलां क्षेत्र में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार बाइक नीलगाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय कल्याण पुत्र सायनाथ सिंह, निवासी मौहम्मदपुर लोहरा, थाना मंडी धनौरा के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि कल्याण किसानी करते थे। वह अपनी बाइक से रतनगढ़ से दवाई लेकर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी बाइक के सामने नीलगाय आ गई, जिससे यह दुर्घटना हुई।

### सड़क हादसे में बालक की मौत



**नगीना।** आज सड़क हादसे में छह वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक चालक युवक और बच्चे की मां गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा नगीना थाना क्षेत्र के धामपुर रोड पर रामलीला बाग के पास हुआ। धामपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक पर अपनी मां हुमा के साथ बैठा छह वर्षीय हम्माद गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे अनस पुत्र गोलू और हुमा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बिजनौर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि हुमा अपाचे बाइक से नगीना के मौहल्ला कालालान स्थित अपने मायके आ रही थी।

### नामित सभासदों का सम्मान समारोह



**नजीबाबाद।** जाफ्तागंज में स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश शाखा नजीबाबाद द्वारा नामित सभासदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजनौर जिले के विभिन्न निकायों में नामित वाल्मीकि समाज के सभासदों के स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथियों का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नजीबा. बाद नगर पालिका, साहनपुर नगर पंचायत और जलालाबाद नगर पंचायत के नामित सभासदों को सम्मानित किया गया। अरविंद सूद और उनकी टीम ने इस सम्मान समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस अवसर पर दीपक वाल्मीकि भाजपा नामित सभासद, जलालाबाद, राजकुमार प्रजापति, नमन सिंघल, अभिषेक यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### हादसे में स्कूटी सवार घायल



**झालू।** ग्राम नवादा के पुल के पास स्कूटी और बुलेट मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल याकूब और वीरेंद्र की मदद से समाजसेवी एवं गुड सेमेरिटन शिव सेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह द्वारा 112 पुलिस सहायता से सीएचसी हल्दौर भिजवाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

### गुलदार ने बछिया को निवाला बनाया

**अफजलगढ़।** ग्राम शाहपुर जमाल में खेतों में काम कर रहे किसानों ने बछिया का शव पड़ा देखा। पास के खेत से गुलदार के दहाड़ने की आवाजें आ रही थीं। गुलदार की आवाज सुनकर किसान भयभीत हो गए। इसके बाद सुंदर सिंह, तिर्मल सिंह, दुर्गेश, रामचन्द्र, शिवकुमार, पिंटू आदि किसानों ने इकट्ठा होकर हिम्मत दिखाते हुए लाठी-डंडों की मदद से गुलदार को जंगल की तरफ खदेड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गत वर्ष भी इसी क्षेत्र में पशुओं के लिए चारा काटने गई एक वृद्ध महिला पर गुलदार ने हमला कर उसे मार डाला था। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने वन विभाग की टीम से गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन दरोगा सुनील राजोरा ने जल्द गुलदार को पकड़ने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने खेतों में काम करने वाले किसानों व मजदूरों से अपील की कि समूह बनाकर ही खेतों में काम करने जाएं।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में जूझ रहा झालू

## गर्भवती महिलाओं की बढ़ी मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर झालू और उससे जुड़े दर्जनों गांव मिलाकर यह क्षेत्र आबादी के लिहाज से तेजी से फैलता जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था आज भी बदहाल और उपेक्षित बनी हुई है। सरकारी दावों और योजनाओं के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जहां एक ओर 'स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण' के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर झालू क्षेत्र के लोग बुनियादी इलाज के लिए भी दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

सबसे चिंताजनक स्थिति गर्भवती महिलाओं की है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रसव के समय महिलाओं को मजबूरी में बिजनौर या निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। कई बार अचानक प्रसव पीड़ा होने पर समय पर वाहन न मिलने या दूरी अधिक होने के कारण गंभीर जोखिम की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या वर्षों से चली आ रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

कस्बे के लोगों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश है कि स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डॉक्टर की नियुक्ति तक नहीं है, जिससे महिलाओं को उपचार में असहजता और असुरक्षा दोनों महसूस होती है। वहीं रात के समय स्वास्थ्य केंद्र लगभग 'भगवान भरोसे' रहता है। रात्रिकालीन डॉक्टर की तैनाती न होने के कारण रात में बीमार होने वाले मरीजों को या तो लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर दूसरे शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है।

स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में मांग उठाई है कि झालू स्वास्थ्य केंद्र को केवल नाम का केंद्र न रहने दिया जाए, बल्कि यहां स्थायी महिला डॉक्टर की तैनाती और 24 घंटे चिकित्सा सेवा सुनिश्चित की जाए।

इस पूरे मामले पर सत्ता पक्ष से जुड़े नगर पंचायत अध्यक्ष लो. केंद्र चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला डॉक्टर की नियुक्ति और रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को शुरू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि झालू की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाना हमारी प्राथमिकता है और जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।'

# चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 34,500 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है।



पुलिस ने 34,500 रुपए बरामद किए

प्राप्त समाचार के अनुसार 11 अप्रैल 2026 को वादी राजपाल पुत्र मटरू निवासी मौहल्ला उत्तरी शेखान, सहसपुर थाना स्योहारा ने थाना धामपुर में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी जेब से करीब 35,000 रुपए चोरी कर लिए गए हैं। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ताज मौहम्मद पुत्र शाकिर निवासी करबला, थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चोरी किए गए 34,500 रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 11 अप्रैल को दवाई लेने के लिए धामपुर आया था और नगीना चौराहे पर खड़े एक व्यक्ति की जेब से मौका पाकर रुपए निकाल लिए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना धामपुर के उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

## खेत का रास्ता बंद कर दी जा रही धमकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर क्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने पुलिस को पत्र देकर अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पल्लवी पत्नी राहुल कुमार निवासी मन्नी देवी मंदिर, मोहड़ा रोड धामपुर ने थाना धामपुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी जमीन ग्राम मोहड़ा स्थित पेट्रोल पंप के पास है, जिस पर कुछ दबंग लोग जबरन अवैध कॉलोनी काट रहे हैं। आरोप है कि उक्त लोग जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ महिला को लगातार डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं।

पीड़िता का कहना है कि जमीन की अब तक चकबंदी नहीं हुई है, इसके बावजूद दबंगों द्वारा कॉलोनाइजर के रूप में दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे उसके खेत तक जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। जब वह अपने खेत पर जाने का प्रयास करती है तो आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं और मारपीट की धमकी देते हैं।

महिला ने आरोप लगाया कि वह घर पर अकेली रहती है और उसका पति नौकरी के सिलसिले में बाहर रहता है, ऐसे में उसे लगातार जान-माल का खतरा बना हुआ है। उसने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोपियों के नाम भी बताते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसकी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए, रास्ता खुलवाया जाए और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

## एक नजर

### हत्यारोपी वांछित देवर गिरफ्तार



**मंडावर।** किरतपुर क्षेत्र के ग्राम ज्वाला चंडी निवासी हरवीर सिंह ने अपनी पुत्री की शादी मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहम्मदपुर देवमल निवासी अभिषेक के साथ की थीं। 31 जनवरी को दामीनी का शव कमरे के अंदर बेड पर पड़ा मिला था। सूचना पर पहुचे मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दामीनी की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। इस सम्बंध में मृतका के पिता की ओर से पति अभिषेक, ससुर मुन्नू, सास रेखा, व देवर अनिकेत उर्फ भूरे के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थीं। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि देवर अनिकेत तभी से फरार चल रहा था। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अनिकेत उर्फ भूरे को किरतपुर रोड पर चाय की दुकान के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### मारुति वैन व बाइक जलकर खाक



**बढ़ापुर।** ग्राम नंगला लद्दा उर्फ लदापुर निवासी अयूब के पुत्र मौहम्मद कैफ का वलीमा था। तभी वहां पर किसी ने पटाखा छोड़ दिया। पटाखें से निकली चिंगारी से पड़ोसी रतन सिंह की झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवा चलने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग से झोपड़ी रखा इंजन, भूसा व पशुओं का चारा आदि समान जलकर राख हो गया। वहीं आग की तेज लपटों की चपेट में आकर शादी में शामिल होने आए थाना नहटौर के ग्राम मिलक कामराबाद निवासी रामकिशन की मारुति वैन व एक अन्य रिश्तेदार की बाइक जलकर खाक हो गई जबकि तीन बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

# बच्चों को घर में बंद करने का वीडियो वायरल होने से पुलिस में हड़कंप

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला रहमान चौक खंदक पर एक परिवार की आपसी रंजिश में अपने भाई के छोटे बच्चों को घर में ताला लगाकर बंद कर दिया। घर की महिलाओं ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस के आलाधिकारियों ने तुरंत नूरपुर पुलिस को आदेश कर मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू की। ताजपुर पुलिस चौकी प्रभारी राजवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि रहमान चौक खंदक निवासी इकराम का अपने भाई इस्लामुद्दीन से घर के हिस्से को लेकर विवाद चल रहा है। इस्लामुद्दीन व उसकी पत्नी घर से बाहर थी। घर पर दो-तीन बच्चे थे। आरोप है कि उसका भाई घर के बाहर से ताला लगा कर चला गया। कई घंटों से बंद बच्चों के रोने की आवाज पर मौहल्ले के लोग दौड़े। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर बंद घर का ताला खुलवा कर बच्चों को बाहर निकाला। बच्चों को बाहर निकालवाने पर परिवार वालों ने राहत की सांस ली। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया है कि आपस में भाईयों का घर के बटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर इस्लामुद्दीन के छोटे भाई ने घर का ताला लगा दिया था। दोनों भाईयों को समझा बुझाकर मामले को शांत कर दिया गया है।

# निशानेबाजी में चमके शुऐब मसूद

## ओपन साइट एयर राइफल शूटिंग में सिल्वर मेडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** जनपद में आयोजित तीन दिवसीय ओपन साइट एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में अफजलगढ़ के शोऐब मसूद एड. ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि नगर व पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रतियोगिता जनपद बिजनौर मुख्यालय के वीकेआईटी कॉलेज के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। जिसमें जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। शनिवार को हुए फाइनल राउंड में शोऐब मसूद ने सटीक निशानेबाजी करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शोऐब मसूद एड., नगर के मौहल्ला बेगम सराय निवासी स्वर्गीय डा. लायक मसूद जैदी के पुत्र हैं। उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं। शोऐब मसूद ने बताया कि उनके परिवार में कई पीढ़ियों से शूटिंग की परंपरा चली आ रही है। अपने बुजुर्गों से प्रेरित होकर उन्होंने भी इस खेल में रुचि ली और निरंतर अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सक्रिय रहना उनके जीवन का अहम हिस्सा है। वर्तमान में वह बिजनौर जजी परिसर में एडवोकेट के रूप में कार्यरत हैं और अपने पेशे के साथ-साथ खेल में भी लगातार आगे बढ़ रहे हैं। शोऐब मसूद की इस उपलब्धि पर अफजलगढ़ सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और लंबी उम्र की कामना करते हुए उम्मीद जताई है कि वह आगे चलकर इसी तरह जिले और क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# युवक की करंट से मौत

## प्याऊ से पानी पीते समय लगा करंट, सड़क पर तड़पता रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आज सुबह बाजार में रेहड़ी पटरी लगाने वाले एक व्यक्ति ने रोड पर तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। मृतक बुध बाजार में रेहड़ी पटरी पर बीज बेचने का काम करता था। प्यास लगने पर प्याऊ से पानी पी रहा था।

पानी पीने के दौरान करंट लगा। करंट लगने से जमीन पर गिरा और वहीं तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस सीएचसी नूरपुर ले गई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हल्दौर निवासी राजेंद्र के रूप में हुई।

मामला बिजनौर जिले के तहसील चांदपुर के नूरपुर का है। जहां रविवार सुबह एक बीज बेचने वाले की करंट लगने से मौत





हो गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र रामलाल निवासी हल्दौर के रूप में हुई है।

वह नूरपुर के बुध बाजार में बीज बेचने का काम करता था। आज सुबह वह बाजार में था। उसी दौरान उसे प्यास लगी, तो पास में ही शिव मंदिर के पास लगे प्याऊ (फ्रीजर) से पानी पीने चला गया। युवक जैसे ही वह पानी पीने लगा तभी उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह रोड पर गिर पड़ा और वहीं तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी नूरपुर में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उसने परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी नूरपुर ने फ्रीजर से पानी पीने के दौरान करंट लगने से मौत की पुष्टि की है बताया कि प्रियजनों को सूचना दी गई है। उनके आने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# थाना प्रांगण में बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के सम्बंध में आज थाना परिसर में आज गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के ग्रामीण और शोभायात्रा निकालने वाली कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बाबा साहब के विचारों और संविधान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। शोभायात्रा कमेटी के सदस्यों से आयोजन को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने की अपील की गई। कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी।

बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने यातायात व्यवस्था, मार्ग, समय-सारणी और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपस्थित ग्रामीणों और कमेटी सदस्यों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान थाने का स्टाफ और मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मैं आतंकी नहीं हूं : आकिब



**नांगल सोती।** देश विरोधी गतिविधियों में आकिब खान के लिए संगठित नेटवर्क तैयार करने में संलिप्त जलाल हैदर और उबैद मलिक की गिरफ्तारी के बाद आए एडीजी अमिताभ यश के बयान पर अपनी बेगुनाही साबित करने की कोशिश करते हुए आकिब ने कहा कि मुझे मार दो या छोड़ दो, लेकिन मैं अपने ऊपर आतंकवादी का ठप्पा नहीं लगने दूंगा। मेरठ निवासी आकिब खान देश विद्रोह का ताना-बाना बुनने वाला एक बहुत ही शातिर और चालाक व्यक्ति है। जो लगातार अपने नेटवर्क पर हो रहे पुलिस के प्रहार पर नजरें गड़ाए हुए है। लुक आउट कार्रवाई हो या फिर उसके नेटवर्क से जुड़े उबेद और जलाल हैदर की गिरफ्तारी सभी पर वह खुद को निर्दोष साबित करने के लिए वीडियो अपलोड कर रहा है। शुक्रवार को आतंकी गतिविधियों से जुड़े उपरोक्त दोनों युवकों की गिरफ्तारी के बाद जारी एडीजी अभिषेक यश के बयान पर भी बड़ी चालाकी से विदेश में बैठा आकिब खान एक वीडियो के माध्यम से खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश कर रहा है। वीडियो में वह कह रहा है कि मेरे निर्दोष होने के सबूत मेरे पास महफूज हैं। मुझे मार दो या छोड़ दो लेकिन मैं अपने ऊपर आतंकवाद का ठप्पा नहीं लगने दूंगा। वीडियो की शुरुआत में आकिब खान पहले एडीजी पर पॉलिश मारते हुए कहता है कि आप देश की सुरक्षा करते हैं, मजलूमों पर जुल्म नहीं होने देते, मैं आपका सम्मान करता हूं। मैं भी कोई काम गलत नहीं करता हूं, हां गलत लोगों को टारगेट करता हूं। अपने धर्म या फिर किसी भी धर्म पर टिप्पणी करने वाले लोगों को गालियां जरूर देता हूं, अगर यह मेरा गुनाह है, तो मुझे सजा दी जाए।

### चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने चादर पेश की



**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित प्रसिद्ध बाबा नन्हें मियां चिश्ती र.अ. का 97वां तीन दिवसीय सालाना उर्स देश में अमनो अमान की दुआ के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के मौके पर काफी संख्या में जायरीनों ने पहुंच कर चादर चढ़ाने के साथ मन्नतें मांगी। उर्स के आखिरी दिन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के अध्यक्ष इंजी. नियर मुअज्जम ने अकीदत की चादर पेश की। इस अवसर पर जायरीनों ने दरगाह परिसर में देर रात तक चलने वाली सूफियाना कव्वालियों का लुत्फ उठाया। नन्हें मियां की दरगाह पर चल रहे सालाना उर्स में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मजार पर राकेश जुनैजा, कसीम अहमद एड., शाहिद सिद्दीकी, यासर, आरिफ वारसी, सुजाअत खां, शाकिर शालू आदि ने भी अपनी अकीदत के फूल पेश किए। प्रोग्राम में जफर अकरम साबरी कव्वाल उत्तराखंड, अरमान साबरी नजीबाबाद, अमजद साबरी बिजनौर, आसिफ मलिक मेरठ आदि ने सूफियान कलाम पेश कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान नईम अख्तर, अजीम अख्तर, सूफी नजाकत अली, बाबा मौ. हसन, डॉ. जुनैद अंसारी, इदरीस अब्बासी, अब्बास खलीफा, शरीफ अहमद उर्फ मन्नू खलीफा, कामरान अली अंसारी, शराफत चौधरी, नौशादी अब्बासी, अजमल अंसारी, नईम अल्वी, काशान खान, साबिर जैदी टैंट वाले, रई साउंड वाले आदि का विशेष सहयोग रहा।

### गिरने से बाल-बाल बची कार



**नगीना।** नगीना-कालाखेड़ी मार्ग पर कडूला नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया एक बार फिर बड़े हादसे का सबब बनते-बनते रह गई। शनिवार को ग्राम कालाखेड़ी की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर टूटी हुई पुलिया के बीचों-बीच फंस गई। गनीमत रही कि कार सीधे नदी में नहीं गिरी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना रोष प्रकट किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया पिछले कई वर्षों से टूटी पड़ी है। लेकिन विभाग इसे नजरअंदाज कर रहा है। इसी रास्ते से कई गांवों के लोग और स्कूली बच्चे रोजाना गुजरते हैं। जिनके जीवन पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है। लेकिन अधिकारियों ने अब तक कोई सुध नहीं ली है।

## एक नजर

### आशा भोंसले को दी श्रद्धांजलि



**नगीना।** सुरों की मल्लिका आशा भोंसले के सम्मान में स्थानीय कला प्रेमियों और बुद्धिजीवियों ने शोक सभा का आयोजन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। डा. अंजू बिश्नोई ने उनके छह दशक लंबे करियर और बहुमुखी प्रतिभा को याद करते हुए उन्हें संगीत जगत की अपूरणीय क्षति बताया। मौहल्ला सराय मीर स्थित काशीनाथ मैमोरियल हॉल में आयोजित शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने उनके कालजयी गीतों की धुन बजाकर उन्हें संगीतमय विदाई दी। हलचल म्यूजिकल ग्रुप के संच. ालक सुशील गुप्ता ने घोषणा की कि अगस्त माह में आयोजित होने वाला प्रसिद्ध कार्यक्रम यादों का सफर इस बार पूरी तरह से आशा भोंसले जी की याद में समर्पित रहेगा, जिसमें कलाकार उनके गीतों के माध्यम से उन्हें याद करेंगे।

### डा. कृष्ण कुमार को वैज्ञानिक पुरस्कार



**नगीना।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'छठे उ.प्र. कृषि विज्ञान कांग्रेस' के अवसर पर प्रदेश के वैज्ञानिकों को सम्मानित किया। इस दौरान केवीके नगीना के प्रभारी डा. कृष्ण कुमार सिंह को सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार 2025-26' प्रदान किया गया। डा. सिंह को सम्मान पत्र के साथ 21,000 रुपए की पुरस्कार राशि भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कृषि में आधुनिक तकनीक और शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस उपलब्धि पर कृषि विश्वविद्यालय और जनपद के वैज्ञानिकों ने उन्हें बधाई दी है।

### सैक्टर वार मनाई जाएगी जयंती



**नगीना।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर जयंती सेक्टर वार मनाई जाएगी। नगीना विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए बताया कि वह इस अवसर पर ग्राम बूढ़ावाला, काजीवाला, तुख्मापुर, जग्गूवाला और भोगली में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही वह नगीना नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में भी सम्मिलित होंगे। विधायक ने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

### खेतों की सेहत सुधारेगी 'नवरत्न हरी खाद'



**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा. केके सिंह ने किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए 'नवरत्न हरी खाद' अपनाने की सलाह दी है। गेहूं और सरसों की कटाई के बाद खाली खेतों में सनई, ढैंचा, उर्द, मूंग, लोबिया, ग्वार, ज्वार, बाजरा (प्रत्येक 1.5 किलो) और तिल (500 ग्राम) के मिश्रण को प्रति एकड़ बोने का आह्वान किया गया है। डा. सिंह के अनुसार, इन नौ फसलों के मिश्रण को हरी खाद के रूप में खेत में ही जोतने से मिट्टी को विविध पोषक तत्व मिलते हैं। इससे न केवल रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और लागत घटेगी, बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए हितकर उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादन भी प्राप्त होगा।

### मीना मंच का पुनर्गठन

**नगीना।** पुरैनी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 'मीना मंच' का विधिवत पुनर्गठन किया गया। वार्डन सुषमा रानी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव संपन्न हुए, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। चुनाव परिणामों के अनुसार, कक्षा आठ की सोनम को अध्यक्ष और कक्षा सात की दीपा को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त, कक्षा आठ की लक्की और माधुरी को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। वार्डन सुषमा रानी ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि मीना मंच बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित करने का एक प्रभावी मंच है। इस मौके पर अनवर जहां, कल्पना रानी, शोरभी, कुसुम रानी और अनीता शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एचएनएच स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ग्राम ठीकली बेड़ा एचएनएच मैमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल के अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भाजपा के महामंत्री नरेश भाटी, जिला पंचायत सदस्य इमरान द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

प्रधानाचार्य रेनू देवी चेयरमैन अरशद जैदी ने कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। भाजपा महामंत्री नरेश भाटी ने कहा है कि आज के दौर में पढ़ा लिखा होना बहुत जरूरी है। अनपढ़ व्यक्ति दुनिया में अधुरा है। इसलिए एक वक्त का खाना मत खाना, मगर अपने बच्चों को जरूर पढ़ना पढ़ाई-लिखाई बहुत जरूरी है। जिला पंचायत सदस्य इमरान ने कहा कि विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिल जीत लिया है। स्कूल के स्टाफ की कारगुजारी बहुत अच्छी रही। अभिभावकों अपने बच्चों की तालिम पर ध्यान देने की जरुरत है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान, वरिष्ठ भाजपा नेता मयंक चौहान, ग्राम प्रधान पुत्र आफताब आलम इदरिसी, विपन कुमार, उषा देवी, रंजना देवी, अरशुमा जैदी, अकरम खान, विशाखा सैनी, मुस्कान शेख, सना जैदी, शाजिया शेख, सुबहान अहमद, दिलशाद अहमद, आलमगीर, साजिद अहमद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रेनू देवी ने किया। अध्यक्षता अरशद जैदी ने की।

# रैली निकाल कर शिक्षा के प्रति जगाई अलख

## ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व समझाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। हीरावाली और महेशपुर गांवों में छात्राओं ने नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व समझाया।




रैली के पश्चात विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2025-26 में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाली छात्राओं की माताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही वार्षिक परीक्षा में अव्वल रहने वाली मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि सुषमा रानी और पीटीएम अध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी ने अभिभावकों से छात्राओं की शिक्षा और प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रह्लाद भक्ति और कृष्ण जन्म की कथाओं से गूंजा शिव मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कस्बा झालू स्थित मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास प्रेरणा ज्योति के श्रीमुख से आज भगवान वामन अवतार की पावन कथा का श्रवण कराया जाएगा, साथ ही भक्त हिरणकशय और प्रहलाद की अटूट भक्ति तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्म की अद्भुत लीला का भी विस्तार से वर्णन किया जाएगा।

आज के यजमानों में गौरव चौधरी पुत्र स्व. बीरेंद्र सिंह चौधरी, विपिन शर्मा, दीपा शर्मा, पवित्रा चौधरी, शैफाली चौधरी, गौरवंश चौधरी, मोहिनी चौधरी, मोनिका चौधरी, राजीव शर्मा (पंडित जी), बिमला शर्मा, तरुण शर्मा, मुन्नू सिंह चौधरी, हरिश्चंद्र वर्मा, वंश वर्मा, दिनेश शर्मा, चंचल वर्मा, मुकेश वर्मा, मास्टर विजय जोशी, महेंद्र धीमान एवं राधे धीमान शामिल रहे। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भजन-कीर्तन के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कथा व्यास ने वामन भगवान की लीला का वर्णन करते हुए धर्म, सत्य और विनम्रता का संदेश दिया, वहीं प्रहलाद की कथा के माध्यम से अटूट श्रद्धा और विश्वास की शक्ति को बताया जाएगा। कस्बे के लोगों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार करते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा का आयोजन निरंतर जारी है और प्रतिदिन नई-नई दिव्य कथाओं का रसपान कराया जा रहा है।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मंडी समिति परिसर में सरकारी भूमि को कब्जाने की नीयत से किए जा रहे अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। सचिव की सक्रियता से भू-माफियाओं के मंसूबों पर पानी फिर गया। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि सभी अवैध कब्जे खुद हटा लें, वरना कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को कुछ शरारती तत्वों ने मंडी समिति परिसर के भीतर खाली पड़ी कीमती भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। रविवार को इसकी सूचना मिलते ही मंडी समिति के सचिव अभिषेक शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के बाद तत्काल उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। अधिकारियों से निर्देश मिलते ही सचिव अभिषेक शर्मा ने मौके पर ही निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके बाद बिना किसी देरी के जेसीबी बुलवाकर अवैध रूप से खड़े किए गई एक फुट ऊंची बाउंड्री वॉल को जमींदोज कर दिया गया। सचिव की इस त्वरित कार्रवाई से हड़कंप मच गया। इस मामले को लेकर नगीना एसडीएम विजय शंकर मिश्रा ने तहसील सभागार में संबंधित अधिकारियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मंडी समिति परिसर में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिन लोगों ने भी अवैध निर्माण या कब्जे किए हैं, वे रविवार शाम तक उन्हें स्वेच्छा से हटा लें। समय सीमा समाप्त होने के बाद प्रशासन बलपूर्वक कब्जे हटाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शुऐब आलम गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है और नशा करने लगा है। लोगों से उधार कर्ज ले लेता है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे व परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। अपनी पत्नी से हमसाज होकर मुझे व परिवार वालों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। इस कारण मैंने व मेरे परिवार ने शुऐब आलम से समस्त ताल्लुक वास्ता खत्म कर दिया है और मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**फरजाना खातून पत्नी मौ. इरशाद, मौहल्ला सय्यदवाड़ा, कस्बा व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां श्री रोहित पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम चतर भोजपुर कुशल, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने अपने भवन निर्मित 59.37 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 69 ग्राम चतर भोजपुर कुशल तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया। उक्त मकान को ओमप्रकाश पुत्र हरबश ने बही सं. 1 जिल्द सं. 13012 पृष्ठ 119 से 136 क्रमांक 4204 दिनांक 28/03/2026 को दान किया था। उक्त के संबंध में यदी किसी व्यक्ति उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो, 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## एक नजर

### विजयपाल सिंह नगराध्यक्ष बने



**धामपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म सभा शिव मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक जगदीश चंद्र चौहान की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें समिति के विभिन्न पदों का सर्वसम्मति से आवंटन किया गया। बैठक के दौरान विजयपाल सिंह को नगर अध्यक्ष, राकेश चमोली को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजेश सिंह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए शोभा शर्मा को महिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा श्याम लाल सिंह और सचिन खजान सिंह को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। जबकि वीरेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष और स्वतंत्र कुमार कोऑडिटर नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी जगद.ीश चंद्र चौहान ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य मिलकर वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में रामस्वरूप सिंह, जगदीश प्रसाद, मनोज कुमार रस्तोगी, रिटायर्ड इंस्पेक्टर धर्मेश कुमार, अनिल कश्यप, राम सिंह सैनी, सुमन, आनंद कुमार, पूर्व सभासद सुनीता नंदा, शिवकुमार, मदनपाल राणा और सुरेश सिंह चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बजरंगबली का गुणगान



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सीमा चौहान के आवास पर श्रीमद् हनुमान भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। 'बालाजी तुम नहीं सुनोगे तो कौन सुनेगा' भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सीमा चौहान, प्रियांशु चौहान, महिमा चौहान, आकांक्षा चौहान, सुहांसी चौहान, समर्थ चौहान आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अग्रवाल श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, राजकुमार प्रजापति, संदीप भारद्वाज, सर्वेश गोस्वामी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### हाउस कैबिनेट चयन कार्यक्रम



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी की तैयारी के अंतर्गत हाउस कैबिनेट चयन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन प्रार्थना से हुई। जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम का सुंदर संदर्भ प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को हाउस प्रणाली के महत्व एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद हाउस कैबिनेट चयन की घोषणा क्रमबद्ध तरीके से की गई। प्रत्येक हाउस के लिए कुल 19 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें कप्तान, उप-कप्तान तथा विभिन्न जिम्मेदार पदों के लिए विद्यार्थियों को चुना गया। यह चयन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ सभी ने देश के प्रति अपनी एकता और सम्मान व्यक्त किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को अनुशासित रूप से अपनी-अपनी कक्षाओं की ओर प्रस्थान कराया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और आगामी इन्वेस्टीचर सेरेमनी के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया।

### हीमपुर दीपा ने जीता मैच



**धामपुर।** बीएस क्रिकेट क्लब की ओर से सिंदर पाल जुनेजा मैमोरियल टूर्नामेंट में पहला मैच हीमपुर दीपा व ग्राम अमखेड़ा के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए हीमपुर दीपा ने अमखेड़ा को 132 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें नाजिम ने नौ रन, गागा पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। शिवम ने छह छक्के लगाकर 36 रन बनाए। अमखेड़ा की टीम कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई और 66 रन पर ही सिमट गई और मैच हार गई। दूसरा मैच इस्माइल क्लब और बनी गणेश के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बनी गणेश की टीम ने 112 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसको स्माइल क्लब के धुरंधर बल्लेबाज बना नहीं पाए और 95 रन पर की टीम सिमट गई और हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। बल्लेबाज अजहरुद्दीन उर्फ शबलू जीरो पर आउट हो गए। जिससे ग्राउंड में मायूसी छा गई। उसके बाद मौहम्मद शारिब ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पांच छक्के व दो चौकों की मदद से मैच में कुछ जान डाल दी, लेकिन अपनी टीम को जीत हासिल नहीं करा पाए। कप्तान इस्माइल 13 रन पर आउट हो गए। सुबहान उर्फ शब्बू चार रन पर आउट। मैच के अंपायर आमिर अंसारी एड. व फरमान खान रहे। मैच अंपायर फरमान खान व आमिर अंसारी एड. रहे। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सिंदर मैमोरियल टूर्नामेंट के ओनर रितेश जूनेजा के फैमिली मेंबर रहे। सिंदर पाल जुनेजा के पोते श्रेयांश जुनेजा ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया।

# हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## अभियुक्त के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हाईवे के निकट चकरोड वृद्ध महिला के शव प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर चंद घंटों के भीतर ही मुठभेड़ के दौरान हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

गौरतलब है कि शनिवार सुबह जब कुछ महिलाएं खेत पर जा रही थी तो उन्हें हाईवे से लगभग 200 मीटर दूरी पर चकरोड पर एक वृद्धा का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। शव की शिनाख्त कालागढ़ निवासी 70 वर्षीय कश्मीरी पत्नी रामवीर सिंह के रूप में हुई थी। मृतका के पुत्र रामनिवास ने अपनी मां की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। वहीं थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जीशान पुत्र शराफत निवासी नहटौर का नाम प्रकाश में आने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो आरोपी ने बताया कि उसने लूट के इरादे से महिला को कमाल आईज हॉस्पिटल से लिफ्ट देकर शेरकोट स्थित सिंघाई के पुलिया के निकट लूट का प्रयास किया, लेकिन वृद्धा के विरोध करने पर उसने पत्थर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर बरामदगी हेतु जब पुलिस टीम आरोपी को साथ लेकर मौके पर पहुंची, तो आरोपी ने छिपाए गए तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा हेतु पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में आरोपी के पैर में गोली लगी। जिसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु भेजा गया। पुलिस ने मौके से मृतका का मोबाइल फोन, दो हजार रुपए, एक अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा व आलाकत्ल पत्थर व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सहित एसआई योगेश कुमार, एसआई मोहित कुमार, मुख्य आरक्षी प्रदीप यादव, संदीप कुमार, यशवीर राठी व अंकुर आदि शामिल रहे।

# धान क्रय केंद्रों पर धांधली

### शिकायत के बावजूद नहीं हुई जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कालागढ़।** धान क्रय केंद्रो पर किसानों की फर्जी आईडी लगाकर सरकारी धन की लूट की जा रही है। जिसकी शिकायत कई बार शासन व प्रशासन से की, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। जिससे प्रतीत होता है कि कई बड़े अधिकारियों की मिलीभगत के चलते किसानों की आईडी पर धन लूटा जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शेरगढ़ निवासी सौरभ शर्मा ने डीएम जसजीत कौर को कई बार शिकायती पत्र भेजकर धान पीसीएफ के क्रय केंद्र सुआवाला पीसीएफ शेरगढ़, कादराबाद पीसीएफ, हरेवली पीसीएफ, शेरकोट पीसीएफ, चांदपुर एसएमआई, नूरपुर एसएमआई, हल्दौर एसएमआई पर सत्र 2025-26 में उक्त केंद्रों के प्रभारियों ने फर्जी किसानों के पंजीकरण कराए तथा धान क्रय किया। उसके बाद इन फर्जी किसानों के आधार पंजीकृत सम्बंधित बैंक खाते में धान खरीद का पैसा भेजा गया है। शिकायती पत्र के साथ सुआवाला केंद्र पर फर्जी तरीके से हुए किसान पंजीकरण सूची भी सम्मलित की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जो भ्रष्टाचार जनपद के धान क्रय केंद्रों पर हुआ है और क्षेत्र के किसानों के साथ जो अन्याय हुआ है। किसान हित में विभाग द्वारा जांच टीम गठित कर इसकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होना जरुरी है।

सीएम, खाद्य आयुक्त, उत्तर प्रदेश, विशेष सचिव, प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ, मुख्य विपणन अधिकारी, लखनऊ, जिला विपणन अधिकारी, बिजनौर को भी शिकायत पत्र भेज चुके है, लेकिन कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। जिससे प्रतीत होता है कि विभाग में बैठे कुछ अधिकारी सत्ता का दुरूपयोग कर रहे है और उनकी मंशा सरकार को बदनाम करने की है।

### पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह का स्वागत

**कासमपुर गढ़ी।** सपा मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ठाकुर सिद्धार्थ सिंह कई वरिष्ठ सपा नेताओं के साथ यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अतुल शर्मा के ग्राम मुरलीवाला स्थित आवास पर पहुंचे। अपने स्वागत से अभिभूत सिद्धार्थ सिंह सहित सभी सपा नेताओं ने पार्टी के प्रति अतुल शर्मा की लगातार चल रही मेहनत को सराहा।

इस मौके पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पवार, चौधरी मेहरबान गुर्जर, विकास यादव, अरविंद दिवाकर, मौहम्मद अरमान गुर्जर आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# गुलदार के हमले में बच्ची घायल

## ग्रामीणों ने गुलदार के चंगुल से छुड़ाया, अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत कमलापुर में एक आठ वर्षीय बच्ची पर गुलदार ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को ग्रामीणों ने गुलदार के चंगुल से छुड़ाया और तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।

यह घटना उस समय हुई जब अल्ताफ की पुत्री सना अपने परिजनों के साथ ग्राम के पास गेहूं के खेत में गेहूं इकट्ठा कर रही थी। गुलदार के हमले के बाद सना की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने चारों तरफ से गुलदार को घेरकर बच्ची को बचाया। घायल सना को आनन-फानन में समीपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। बच्ची की हालत चिंताजनक बनी हुई है। जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बिजनौर रैफर कर दिया गया है। उसका इलाज बिजनौर के अस्पताल में चल रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने पहले भी क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी की आशंका जताई थी और प्रशासन को इस बारे में सूचित किया था, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकुमार ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए ग्राम में पहले से ही एक पिंजरा लगाया गया था और अब एक और पिंजरा लगाया जा रहा है। डिप्टी रेंजर हरगोविंद ने जानकारी दी कि कमालपुर खाई खेड़ी क्षेत्र में ड्रोन उड़ाकर निगरानी की जाएगी और नियमित पेट्रोलिंग भी की जाएगी।

# गांव चलो अभियान में योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई। भाजपा के नांगल मंडल अध्यक्ष डा. भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम पूंडरी खुर्द, बरकातपुर, सबलपुर बीतरा, पूंडरी कलां आदि गांव में लाभार्थी जनसंपर्क, सम्मान, धार्मिक स्थलों की सफाई एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके पर ओमकार आजाद, अनिल, पुनीत त्यागी, घनश्याम राजपूत, जितेंद्र कुमार, अजय अग्रवाल, मनोहर, दीपक राजपूत, देवेंद्र राजपूत, अरुण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# फार्मेसी के छात्र उपमुख्यमंत्री से मिले

## विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ पहुंचे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं पीसीआई मेंम्बर से की भेंट एवं संवाद किया।

ज्ञान की गंगा में जब अनुभव की धारा मिलती हैं, तब भविष्य की नई दिशाएं जन्म लेती हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक दृश्य लखनऊ में देखने को मिला, जहां स्कूल ऑफ फार्मेसी, विवेक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उ.प्र. के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सेंट्रल काउंसिल सदस्य डा. आकाश वेद के साथ गहन एवं सार्थक संवाद किया।

विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के 38 विद्यार्थियों का एक दल डा. रिजवान अहमद के नेतृत्व में एवं अन्य फैकल्टी मेम्बर्स डा. छवि वर्मा, अभय प्रताप सिंह एवं सलोनी शर्मा लखनऊ शैक्षिक भ्रमण ले जाया गया।

इस विशेष अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधान में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्वता को दोहराया। उन्होंने कहा कि फार्मेसी क्षेत्र केवल दवाओं तक सीमित नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा, रोजगार, इंडस्ट्री की अपेक्षाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दो पर विचार रखे, जिससे कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बना। डा. आकाश वेद ने फार्मेसी के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए एआई क्लीनिकल फार्मेसी, रिसर्ज एवं इंडस्ट्रीज स्किल के महत्व को रेखांकित किया और छात्रें को समय के साथ खुद को अपडेट रखने की प्रेरणा दी। स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन डा. सौरभ शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद उनके ज्ञान और आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं तथा उन्हें एक सफल प्रोफेशनल बनने की दिशा में अग्रसर करते हैं। कुलपति डा. नरेश गुप्ता नें अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों को सदैव सीखने की जिज्ञासा बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि यही निरंतर प्रगाति और उत्कृष्टता की कुंजी है। प्रो. चांसलर दीपक मित्तल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि विद्यार्थियों को नवाचार, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ते हुए फार्मेसी क्षेत्र में नई पहचान बनानी चाहिए। कुलाधिपति अमित गोयल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के एक्सपोज़र से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है और वे भविष्य में समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश राज्य की 57694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। भारत के संविधान के भाग 9 में निहित अनुच्छेद 243 के अंतर्गत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग गठित किए जाने की कार्यवाही भी अभी अपूर्ण है। राज्य की 485 ग्राम पंचायतों का विलय नगरीय सीमा में हो चुका है, जिसके कारण क्षेत्र पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है। पंचायत में आरक्षण निश्चित किए जाने में भी विलंब होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में 26.5.26 से पूर्व त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव संपन्न कराए जाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। ज्ञापन देने वालों में मुरादाबाद मंडल के मीडिया प्रभारी डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार, उदित सिंह, सुरेश सिंह, कार्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह हुड्डा, अंकित कुमार एवं ग्राम प्रधान शमशाद, सरफराज, खड़क सिंह, सुभाष सिंह, मोनिका, जमील अहमद, जफर, अशोक कुमार, नीतीश कुमार, रविंदर सेहरावत, मौहम्मद राशिद, जगदीश कुमार, उमेश कुमार, किरण आर्य, मिथिलेश, रोहिताश सिंह, अमित कुमार, मीना शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कव्वाली मुकाबले का शानदार आयोजन




**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खद्दर बाजार में हजरत राहत अली शाह के दरगाह पर बीती रात कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ सपा नेता जिला पंचायत सदस्य इमरान ने किया। मुरादाबाद से आए उमर दराज ने अपने कलाम से हजरत राहत अली शाह को खिराजे अकीदत पेश की। उन्होंने अपना कलाम सुनाते हुए कहा है कि हसीन फूलों में खुशबू उतारने वाले, क्या खूब घड़ी यह प्यार की। फिरदौस आजमी कुदूदूसी ने अपना कलाम सुनाते हुए 'सर अपना झुका सकते नहीं आगे किसी के हम, बड़ी शान से दीवाने नबी के हम, में अमन पसंद हूं मेरे शहर में दंगा रहने दो।' कव्वाल उमर दराज ने कहा 'ना मस्जिद में है मौजूद ना मंदिर में छिपा है जिस दिल में मुहब्बत है उस दिल में खुदा है।' कव्वालों ने रात भर खूब दाद बटोरी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया ने कहा है कि हमारे देश की खूबसूरती यही है यहां पर सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। यहां की संस्कृति की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। इस मौके पर रिजवान अहमद सिद्दीकी, आसिफ अली, मुजाहिद फारूकी, इमामुद्दीन इदरिसी, अमजद सिद्दीकी, हाफिज कल्लन, मुदसीर आदि मौजूद रहे।

### विशाल भंडारे का आयोजन



**नजीबाबाद।** मूसेपुर मंदिर में आज हवन-पूजन के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें देर शाम तक आसपास और क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे का आयोजन भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मेरठ प्रांत के जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी और उनके छोटे भाई संजीव द्वारा किया गया। तीनों भाईयों ने बताया कि यह भंडारा उनकी माता राजबा.ला देवी की इच्छा पर आयोजित किया गया था। भंडारे में दूर-दराज से आए गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। हवन के उपरांत तीनों भाइयों ने आर्य सुगन संस्थान में अनाथ बच्चों को भी भोजन कराया। इसके बाद उपस्थित लोगों को भंडारे का प्रसाद वित.रित किया गया।

### मशाल जुलूस की रणनीति तैयार

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद की उपस्थिति में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग को लेकर कल (आज) जिला मुख्यालय पर होने वाले मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति बनाकर शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### अंबेडकर जयंती पर गोष्ठी



**नजीबाबाद।** 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी आज दोपहर दो बजे थाना प्रांगण में हुई। इसमें क्षेत्र के ग्रामीण और शोभायात्रा निकालने वाली कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। थाना प्रभारी अमित कुमार ने डॉ. अंबेडकर के विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शोभायात्रा कमेटी के सदस्यों से आयोजन को शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से संपन्न कराने का आग्रह किया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी। बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने यातायात व्यवस्था, शोभायात्रा के मार्ग, समय-सारणी और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर थाने का स्टाफ और मीडियाकर्मी भी मौजूद रहे।

# जबरन स्मार्ट मीटर थोपने पर लोगों का फूटा गुस्सा

- मीटर लगाने पहुंची टीम का विरोध
- जबरन लगाने पर विरोध प्रर्दशन, जेई पर बिजली काटने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्मार्ट मीटर को लेकर केन्द्र और प्रदेश में जमकर फजीहत हो रही है। जबकि अदालत से लेकर सरकार तक के मनमर्जी पर ही स्मार्ट मीटर लगाने के आदेशों को बिजली विभाग ताक पर उठाकर रख रहा है। शहर के कई इलाकों में लोगों ने जबरन स्मार्ट मीटर लगाने का आरोप लगाकर विरोध किया। जबकि जे ई पर स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर लाइन काटने के आरोप लगाकर नाराजगी जतायी।

स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों में गुस्सा चरम पर है। जबकि विरोध पर इसे स्वेच्छा से लगवाने के आदेश सरकार की ओर से दिए गए हैं लेकिन बिजली विभाग की ओर से विरोध के बावजूद जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है। नगर के मौहल्ला तुर्तीपुरा क्षेत्र और मौहल्ला महमूदखां सराय में टीम स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची। लोगो ने इसका विरोध किया लेकिन मीटर लगा रहे लोगों ने इसके बाद भी मीटर लगा दिए। लोगों ने जबरन मीटर लगाने का आरोप लगाते हुए बताया कि मीटर लगाने का विरोध किया गया जे ई दीपक कुमार के निर्देश पर कई घरों की बिजली लाइन काट दी गई और जब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगवाया जाएगा, तब तक कनेक्शन बहाल नहीं करना कह दिया गया। बिजली विभाग की कार्रवाई से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और लोग विरोध प्रदर्शन करने पर उतर आए। गुस्साये लोगो ने स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए के नारे लगाते हुए बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जताया। लोगों का कहना है कि बिना सहमति के मीटर बदलना गलत है और यह जबरन थोपने जैसा है। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल अधिक आ रहे हैं, जिससे आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने विभागीय कार्रवाई को तानाशाही का आरोप भी लगाया।



सम्भल- पत्नी की रॉड मारकर हत्या की जांच करती पुलिस एवं इंसेट में मृतका का फाईल फोटो।

# पत्नी की लोहे की रॉड से हत्या कर थाने पहुंचा पति

- हत्यारोपी पति को पुलिस ने लिया हिरासत में
- लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजी
- एक दिन पहले पति-पत्नी में हुआ था विवाद
- दस साल पूर्व हत्यारोपी को ताऊ ने लिया था गोद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल( गवॉ )।** लोहे की रॉड से पीट-पीट कर पति ने पत्नी को मौत की नींद सुला दिया। पत्नी को मारकर पति कमरे का ताला लगाकर खुद ही थाने पहुंच गया और पत्नी के कत्ल की जानकारी दी। हत्या की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्यारोपी पति को हिरासत में ले लिया। जबकि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव कल्लू सिंघौली निवासी दुर्गेश को उसके ताऊ ने करीब 10 वर्ष पहले गोद लिया था। ताऊ ने बड़ी धूमध ाम से उसकी शादी की थी। ताऊ कहीं बाहर नौकरी करते है उनके घर पर दुर्गेश और ज्योति रहते थे। पति दुर्गेश ओर पत्नी ज्योति में किसी बात को लेकर एक दिन पहले विवाद हुआ था। इसी से आहत होकर रविवार करीब दोपहर के समय दुर्गेश ने पत्नी ज्योति(22) की लोहे की राड से पीट पीट कर हत्या कर दी और मकान का ताला लगाकर करीब पौंन घंटा के बाद थाना रजपुरा पहुंचकर पुलिस के सामने जुर्म कबूल कर लिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। जबकि ज्योति के मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

युवक ने आपसी विवाद के चलते पत्नी को लोहे की राड से मौत के घाट उतार दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। एवं सूचना के आधाार पर पुलिस कार्रवाई की जा रही है।

**संदीप चौधरी**
**प्रभारी थाना रजपुरा**

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार पिता की मौत, बेटा घायल

- गाजियाबाद से लौटते हुए हादसे का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गाजियाबाद से लौटते पिता-पुत्र सवार की डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि उनका बेटा घायल हो गया।

धनारी थाना क्षेत्र के ग्राम भावनगर निवासी रमेश (54) पुत्र जालन सिंह व उनका पुत्र अनुज सिंह (28) बाइक पर सवार होकर गाज़ियाबाद से लौट रहे थे। बीती रात करीब 2 बजे थाना बबराला क्षेत्र में गुन्नौर-बबराला मार्ग पर स्थित गांव गुन्नौर हीरापुर (ईटऊआ) के पास उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता और पुत्र दोनों बाइक से काफी दूर जा गिरे और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची घायल पिता-पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि अनुज सिंह को मामूली चोटें आई हैं लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार बाइक चला रहे बेटे को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# आलुओं के डम्प में लगी भीषण आग, दो से ढाई लाख का नुकसान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** डम्प लगाकर रखे गए आलुओं में अचानक आग लग गई। आग के भीषण रूप लेते ही आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी दी। भयंकर रूप से लगी आग पर समरसेबल चलाकर व मिटटी डालकर काबू पाया गया। आग से करीब दो लाख का नुक्सान की आशंका है।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर निवासी मुनव्वर हुसैन पुत्र हिदायतुल्ला ने अपने खेत से आलुओं को खुदवाकर घेर में डम्प बनाकर रखवा दिया था। उस पर ईख की पतेई डालकर ढांका गया था। दोपहर को करीब एक बजे अचानक डम्प पर पड़ी पत्ती में आग लग गई। ध ीरे-धीरे सुलगी आग के भयंकर रूप लेते ही आसपास शादी कार्यक्रम में जुटे लोगों को इसकी जानकारी हुइ। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आलू स्वामी का। आनन-फानन में पहुंचे आलू स्वामी और ग्रामीणों ने समरसेबल चलाकर व मिटटी डालकर काफी देर बाद काबू पाया, लेकिन तब तक करीब दो ढाई लाख का आलू जलकर बर्बाद हो गया।

# विस्तारीकरण की मांग को कल्कि पीठाधीश्वर से मिले समिति के लोग

- पीएम ओर सीएम से मिलकर हल कराने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गजरौला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग में जुटे समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कल्कि पीठाधीश्वर को पत्र सौंपा। पत्र में पीएम ओर सीएम से विस्तारीकर को धनराशि जारी कराने की मांग की।

मानव विकास जन सेवा समिति का प्रतिनिधि मंडल प्रदेशाध्यक्ष डा. मौहम्मद नाजिम के नेतृत्व में कल्कि पीठाधीश्वर से मिलने पहुंचा। ग्राम एचौड़ा कम्बोह में पहुंचे समिति के कार्यकर्ताओं ने कल्कि पीठाधीश्वर को पत्र सौंपा। पत्र सोंपकर समिति के लोगो ने कहा कि सम्भल से गजरोला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण की मांग सदियों पुरानी है। जबकि 11 मई 2007 के केन्द्रीय रेलमंत्री के सम्भल आगमन पर समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मांग रखी थी। इसके अलावा पूर्व केन्द्रीय रेलमंत्री लालू प्रसाद यादव से दिल्ली जाकर मिले थे। लेकिन किसी कारण वश रेलवे लाइन का विस्तारीकरण की मांग पूरी नहीं हो सकी। इसके पूर्ववर्ती सरकार में विस्तारीकरण को मंजूरी प्रदान कर दी गई थी, लेकिन धनराशि आवंटित नहीं हो सकी। अब जबकि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है एवं दोनों ही सरकारों के मुखिया से कल्कि पीठाधीश्वर से अच्छे सम्बंध है। उनके प्रयासों से रेलवे लाइन के विस्तारीकरण का मुद्दा जल्द हल होने के साथ धनराशि भी आवंटित हो सकती है। समिति के लोगो ने कल्कि पीठाधीश्वर से अपने सम्बंधों का प्रयोग कर पीएम और सीएम से विस्तारीकरण के मामले को हल कराने की मांग पूरी कराकर कार्य शुरु कराने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे डा. नाजिम ने बताया कि कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि वह भी इस मुदद्े को हल कराना चाहता हूॅ। जल्द से जल्द इस मामला हल हो ओर विस्तारीकरण का काम शुरू हो इसका भरसक प्रयास करने का आशवासन दिया है। इस मौके पर फिरोज अहमद, डा. परवेज, मोहसिन अली, महावीर सिंह यादव,कैलाश सिंह, गजराम सिंह, असद अली, फारूख जमाल, फिरोज आलम आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व डा. नाजिम ने किया।



सम्भल- कल्किपीठाधश्वर को रेलवे लाइन विस्तारीकरण को पत्र सौंपते।

# खेत पर गीदड़ काटे घायल के इंजेक्शन लगाने पर टाल-मटोल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** खेत पर काम करते ग्रामीण को गीदड़ ने काट लिया। परिजन इंजेक्शन लगवाने जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन अवकाश में इंजेक्शन लगाने में टाल मटोल करने का आरोप है। नगर के निकटवर्ती ग्राम सैफ खां सराय निवासी खुर्शीद (67) खेत पर काम करने गया था। गीदड़ के काटने की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में परिजन खेत पर पहुंचे और इंजेक्शन लगवाने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंच। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर इंजेक्शन लगाने की बात कही तो रविवार को अवकाश होने का नाम देकर इंजेक्शन लगाने पर टाल-मटोल किया गया। जबकि अस्पताल में गीदड़ के काटने का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं होना कहा गया। अस्पताल कर्मचारी के व्यवहार से पीड़ित बुजुर्ग और उनके परिजन काफी परेशान हो गए और उन्हें काफी देर तक इधर-उधर भटकना पड़ा। पीड़ित के बार-बार आग्रह के बाद कर्मचारी का रवैया बदला। आरोप है कि घायल से फीलगुड कर इंजेक्शन लगाया।

# बर्तनों की कीमत में उछाल पीतल, तांबा स्टील सब महंगा

- सहालग शुरू होने में अब चार दिन ही शेष
- थाली, ग्लास सेट इंडक्शन कड़ाई की अधिक मांग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सहालग शुरू होने में अब चार दिन ही शेष हैं। ऐसे में बर्तन बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना कि करीब 15 दिन पहले पीतल, तांबा, स्टील व सिल्वर के भाव 100 से 300 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं। दाम बढ़ने से ग्राहकों को बर्तन महंगे मिल रहे हैं हालांकि बजट संभालने के लिए वे हल्के वजन के बर्तनों की खरीद अधिक कर रहे हैं।

नगर गुन्नौर के सदर बाजार रोड स्थित दुकानों पर गृहस्थी सेट, प्रेशर कुकर, कड़ाई, थाली-गिलास सेट, इंडक्शन बर्तन व विभिन्न डिजाइन के डिनर सेट की मांग तेज है। भीड़ को देखते हुए कई दुकानदार ग्राहकों को ऑफर देकर लुभा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्राहकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। बर्तन व्यापारी आसिम ने बताया कि पीतल व तांबा के दाम में 100-300 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। महंगाई बढ़ने के कारण ग्राहक अब हल्के बर्तनों की मांग कर रहे हैं जिससे उनका बजट प्रभावित न हो। दुकानदार संजीव कुमार ने बताया शादी में देने के लिए स्टील के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ी है। आकर्षक डिजाइन वाले कलश, थाल, गिलास, लोटा सहित अन्य बर्तनों की बिक्री में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही गैस चूल्हा व इंडक्शन की खरीद भी बढ़ रही है।पिछले 15 दिनों से बर्तन के भाव में बढ़ोत्तरी हुई है। लोग शादियों में देने के लिए बर्तन खरीद रहे हैं। महंगाई की वजह से हल्के बर्तनों की मांग अधिक है। सुबह से खरीदारी के लिए लोग बाजार में पहुंच रहे हैं।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल। सेवानिृत शिक्षक मेजर दिवारी लाल को कर्तव्य निष्ठ सम्मान देते।

### सेवानिवृत शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ सम्मान से सम्मानित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्द इण्टर कॉलेज के सेवानिवृत्त हिन्दी प्रवक्ता को वर्ष 2025 के शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता समिति भारत के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम और महासचिव कुसुम ने बताया कि हिन्द इण्टर कॉलेज के हिन्दी प्रवक्ता मेजर दिवारी लाल ने कॉलेज में 37 साल तक शिक्षण कार्य पूर्ण लगन और इमानदारी के साथ किया। जिनके पढ़ायें हुए छात्र उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। मेजर दिवारी लाल इस वर्ष 31 मार्च को सेवानिवृत्त होकर आये है। इस अवसर पर सचिव चिंकी दिवाकर ने हिन्द इण्टर कॉलेज के हिन्दी प्रवक्ता मेजर दिवारी लाल को सेवानिवृत्त होने पर वर्ष 2025 के शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया।

### समिति के पुरोहित केदारनाथ धाम में करेंगे आरती

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** अनंत अंबानी के जन्मदिन के एक दिन पूर्व काशी की तर्ज पर राजघाट बबराला के मुख्य पुरोहित सत्यम मिश्र अपनी 21 लोगों की टीम के साथ जामनगर के वंतारा में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन हुआ और 22 मई से केदारनाथ में 7 दिवसीय गंगा महा आरती का आयोजन होगा।माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के पुरोहित सत्यम मिश्रा ने बताया कि उनको केदारनाथ धाम में सात दिवसीय आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वह वहां आरती करेंगे। समिति अध्यक्ष अतुल गोयल व सदस्यों ने भी उनको शुभकामनाएं दीं।

### आशा भौंसले के निधन पर संगीत प्रेमियों में शोक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मशहूर पार्शव गायिका सुरों की मल्लिका आशा भौंसले के निधन पर संगीत प्रमियों में शोक फैल गया। संग्रीत प्रेमियों ने आशा भौंसले के निधन को फिल्म जगत के लिए एक अपूणीय क्षति बताया। संगीत प्रेमियों ने कहा कि आवाज की जादूगर आशा भौंसले के निधन से सुर और संगीत के लिए एक ऐंसी क्षति है जिसकी भरपाई हो पाना शायद अब सम्भव नहीं है।

### मिशन शक्ति की टीम ने दी जानकारी

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मिशन शक्ति फेज- 05 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत थाना एचौड़ा कम्बोह मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पनसुखा मिलक, मंडावली रसूलपुर थाना ऐचौड़ा कम्बोह में महिलाओं व बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, से अवगत कराकर जागरुक किया।

# जन्मोत्सव समिति की बैठक में सौंपी शोभायात्रा की जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बाबा साहेब जन्मौत्सव समिति की बैठक में बाबा साहेब की शोभायात्रा की जिम्मेदारियां सौंपी।

अंबेडकर पार्क मोहल्ला सोतीपुरा में आयोजित बैठक में सुधीर कुमार सागर ने बताया कि मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का जन्मदिन के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभायात्रा अंबेडकर पार्क मोहल्ला सोतीपुरा से शुरू होकर भदेसराय, हातिम सराय, कटरा मूसा खां हिलाली सराय, एजेंटी चौराहा, आर्य समाज रोड, छंगा मल कि कोठी के सामने से बाजार गंज में होते हुए, मोहल्ला ठेर व कोतवाली के सामने से होते हुए नगर पालिका परिषद सम्भल में समापन किया जाएगा। शोभायात्रा दोपहर 2:00 बजे से शुरू की जाएगी। कमेटी के सभी सदस्यों का शोभायात्रा में जिम्मेदारियां सौंपी गई। शोभायात्रा का शुभारम्भ डा. आंनद कुमार सिंह फीता काटकर करेंगे व कमला देवी पत्नी पूरन सिंह दीप जलाकर शुभारंभ करेंगी। शोभायात्रा का नेतृत्व सुधीर कुमार सागर अध्यक्ष बाबा साहेब जन्म उत्सव समिति सम्भल के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर चंचल, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, विपिन कुमार, प्रिंस,अजय पाल, सुरेश कुमार, सुमित कुमार, हिमांशु, संग्राम सिंह, राजकुमार एडवोकेट, आशिक, प्रीतम सिंह, मोनू, बंटी, सचिन कुमार, अजय कुमार, कृष्णपाल, मानव, अशोक कुमार आदि लोग शामिल है।

# जिले में प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी ने किया फेरबदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया गया है। दो डिप्टी कलैक्टर को उपजिलाधिकारी की कमान जबकि दो को डिप्टी कलैक्टर बनाया गया है।

जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जिले में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पीसीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। इनमें उपजिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी और उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार को डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय सम्भल बनाया गया है, जबकि डिप्टी कलेक्टर का चार्ज सम्भाले नीतू रानी को तहसील चन्दौसी भेजा गया है। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र को तहसील गुन्नौर की कमान सौंपी गयी है।

# गंगा जी को स्वचछ रखने को किया जागरूक

- स्वयं सेवकों ने की गंगाघाट राजघाट की सफाइ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला ने गंगा जी से कूड़ा निकाला स्वंयसेवको ने माँ गंगा स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को गंगाघाट पर सभी क्षेत्रवासियों को गंगा को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने के इस पुनीत अभियान में सहभागिता करने को जागरूक किया। राजघाट पर गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे सभी स्वंयसेवक सफाई में जुटे रहे। गर्वित गोयल ने कहा कि माँ गंगा हमें पवित्र पावन बनाती है। हमारे पापों को हरती है। गंगा जी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिये सभी स्वच्छता कार्यक्रम में अपना सहयोग दें। गंगा के किनारे गंदगी न करें। श्रृद्धालु गंगा जी पर अपनी श्रृद्धा लेकर आते हैं। वह कृप्या इसका ध्यान रखें कि गंगाघाट पर पन्नी, प्लास्टिक का उपयोग न करे। गंगा की सेवा हमारा धार्मिक, सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। अंश सिंघल ने गंगा जी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए लोगों से सहयोग का आग्रह किया गया। सफाई अभियान के बाद गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान गर्वित गोयल, अंश सिंघल , प्रशांत ठाकुर, राकेश शुक्ला, धनराज सिंह तोमर, कार्तिक गोयल आदि रहे।



सम्भल- गंगाघाट राजघाट की सफाई करते स्वयं सेवक। फोटो शाह टाइम्स

# पुलिस ने गांव-गांव किया जागरूक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के गांव गुन्नौर अब्दुल हई (तरफरी) मे महिला को जगरूक किया। मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत बालिकाओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और उनके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एसआई गुरजिंदर कौर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों के साथ-साथ आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला हेल्पलाइन) 112 (आपातकालीन सेवा) और 1098 (चाइल्डलाइन) के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी झिझक के इन नंबरों का उपयोग करने और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तरंत पुलिस को देने का भी आग्रह किया। जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के उत्तर प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस टीम का आभार जताया।



बबराला- ग्राम अब्दुल हई तरफरी में महिलाओं को जागरूक करती पुलिस कमी।

# पूर्व मंत्री के बेटे की दावते वलीमा में व्यवस्था बनी मिसाल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मेंहगी हुई शादियों में जहां लोग कार्यक्रमों को छोटा कर रहे हैं। वहीं सियासी घराने के और सपा नेता पूर्वमंत्री के बेटे की दावते वलीमा में उमड़ी लोगों की भीड़ को जिस व्यवस्था के साथ खाना परोसा गया वह एक मिसाल बन गया।

मेंहगाई और अधिक शादियां होने पर लोग कम ही शादियों में शिरकत कर रहे हैं जबकि मेंहगाई की मार से बचने को लोग भी कार्यक्रमों को छोटे स्तर पर कर रहे है। लेकिन रविवार को पूर्वमंत्री व पूर्व विधायक सपा नेता अकीलुर्रहमान खां के बेटे जैद बिन अकील की दावते वलीमा का आयोजन किया गया। दावत में करीब पचास से साठ हज़ार को आमंत्रित किया गयां। इतने बड़े दावते वलीमे के कार्यक्रम में अव्यवस्थाएं होना मानी जा रही थीं लेकिन जिस तरह से व्यवस्थायं की गई उसे देखकर सभी हतप्रब्ध रहे बिना रह नहीं सके। आमंत्रित की गई इतनी बड़ी भीड़ को सुकून और बिना किसी शोर-शराबे के आसानी से वह सबकुछ मिल जाये इसके लिए बड़े स्तर पर वालिंटिसर बनाए गए। उनके खेत में नवनिर्माणाधीन स्कूल परिसर में विशाल टैंट लगाया गया। जिसमें कई तरह के लजीज व्यंजनों को रखा गया। दावते वलीमे में अनगिनत भीड़ के साथ नामचीन हस्तियों ने भी पहुंचकर वर वधु को दुआओं और आर्शीवाद दिया। वहीं लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ लिया। सादगी के साथ दावते वलीमा भोजन की व्यवस्था की गयी थी। मेज़बान के तौर पर पूर्वमंत्री अकीलुर्रहमान खां, उनके पुत्र आमिर बिन अकील अपने अन्य परिजनों के साथ अतिथियों का स्वागत करते नज़र आए। इतना ही नहीं उनकी पत्नी पूर्व मंत्री उर्दू अकादमी की पूर्व अध्यक्षा व नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमेन तरन्नुम अकील महिलाओं के लिए भोजन आदि परोसने को की गई अलग व्यवस्था को सम्भाले हुए थीं। शादी की ध ूम-धाम के आदि हो चुके मेहमानों को भी यह इंतेजाम काफी पसंद आया। न कोई भव्यता थी जबकि बहुत अधिक भीड़ भी। इस मौके पर पूर्व चेयरमेन हाजी नुसरत इलाही, आंवला से पूर्व प्रत्याशी साजिद अहमद खां, मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा, हाजी फहीम, समेत अनेको हस्तियां मौजूद रहीं। जबकि मौ. रफी और नाजिर खां व्यवस्थाओं को सम्भाले थे।



सम्भल- बेटे के दावते वलीमा में शामिल होने आए अतिथियों का सत्कार करते पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खान

# सर्पदंश से 12 वर्षीय बालिका की मौत, गांव में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी क्षेत्र के ग्राम ग्वारऊ में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालिका गौरी की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरी गांव के परिषदीय विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा थी। रविवार दोपहर के समय परिवार के सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे, जबकि गौरी घर पर अकेली खेल रही थी। इसी दौरान घर में घुसे एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया।

बताया जा रहा है कि बच्ची के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन खेत से



भागकर घर पहुंचे और तत्काल गौरी को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस हृदयविदारक घटना से गांव में मातम छा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बेहतर उपचार मिल जाता तो शायद बच्ची की जान बचाई जा सकती थी। **स्वास्थ्य विभाग की अपील:** विशेषज्ञों का कहना है कि सर्पदंश की स्थिति में बिना देर किए मरीज को नजदीकी अस्पताल ले जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचना चाहिए, क्योंकि समय पर इलाज ही जीवन बचाने में सबसे अहम होता है।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक बूथ स्तर पर तैयारियों पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समा. जवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में हुई। बैठक में



सैनिकों के हितों को लेकर चर्चा की गई और आगामी चुनावों के लिए बूथ स्तर पर तैयारियों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि इस समय बूथ स्तर पर तैयारियों की जरूरत है। सभी सदस्य अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिलकर देश के पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव ने सैनिकों के हित के लिए जो कार्य किए थे, उन कार्यों को जाकर बताना होगा।सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने के आह्वान किया। उन्होंने नए सैनिक साथियों को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में खाद की किल्लत, स्मार्ट मीटर और ै ८ ट में काटे गए पर भी आवाज उठाई गई।बैठक में सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, फौजी प्रेमपाल सिंह, आदित्य, वीरेंद्र यादव, अशोक यादव, आनंद कुमार कश्यप, नकुल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, राजवीर यादव, बालकिशन शर्मा, सरदार पाल, राजू यादव, दिनेश यादव, भरत यादव, सौरव यादव आदि प्रमुख थे।

## एक नजर

### भाजपा के नवनियुक्त जिला मंत्री दिनेश यादव का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद की नई जिला कार्यकारिणी में बिलारी क्षेत्र के ग्राम नीमरी फतेहपुर निवासी एवं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता दिनेश यादव को जिला मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी उपलक्ष्य में रविवार को हिंदूवादी संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके गांव पहुंचकर उनका विधि-विधान से भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर और गर्मजोशी के साथ दिनेश यादव का अभिनंदन किया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को संगठन द्वारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस दायित्व का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंच. ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

कार्यक्रम में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से पवन कुमार, रामगोपाल चौहान, अवनेश चौधरी, जयदेव मौर्य, रजनीश गर्ग, राहुल शर्मा मौजूद रहे। वहीं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में धर्मेंद्र गांधी, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, एसपी कंडेरा, अनूप राणा, सुनील कुमार, अवनीश यादव, मुनेंद्र यादव सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला तथा सभी ने नवनियुक्त जिला मंत्री को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजा गया सीएचसी बिलारी में भर्ती कर शुरू हुआ उपचार

**बिलारी।** क्षेत्र में कुपोषण से जूझ रहे बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी क्रम में दो नन्हे बच्चों कृष्णा (उम्र 1 वर्ष 5 माह) और हिबजानूर (उम्र 11 माह)ख्रको पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी लाया गया। जानकारी के अनुसार इन बच्चों की पहचान क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मधु कुमारी और सुनीता द्वारा की गई, जिनकी



निगरानी सुप. रवाइजर शिव कुमारी कर रही थीं। बच्चों में कुपोषण के लक्षण पाए जाने पर तत्काल उन्हें बेहतर उपचार और पोषण देखभाल के लिए सीएचसी बिलारी भेजा गया। सीएचसी बिलारी में चिकित्सकों की देखरेख में दोनों बच्चों को भर्ती कर लिया गया है, जहां उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार और आवश्यक दवाइयों के माध्यम से उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम बच्चों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। सुपरवाइजर शिव कुमारी ने बताया कि कुपोषण मुक्त अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार सर्वे किया जा रहा है और जिन बच्चों में कुपोषण के लक्षण मिलते हैं, उन्हें तुरंत छत्ब केंद्र भेजकर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि समय पर पहचान और सही इलाज से कुपोषण को दूर किया जा सकता है। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि बच्चों के खान-पान और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी समस्या पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### कुंदरकी -अलीगढ़ मार्ग पर मिनी ऑटो पलटा, छह घायल

**कुंदरकी।** रविवार दोपहर कुंदरकी -अलीगढ़ मार्ग स्थित गांव जैतपुर के अड्डे पर तेज रफ्तार के कारण एक मिनी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद निवासी एक परिवार रामपुर के शाहबाद में रिश्तेदारी में दफन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान कुंदरकी के निकट बाईपास पर तेज रफ्तार के कारण ऑटो चालक



वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ऑटो सड़क किनारे खेत में जा पलटा। हादसे के समय सड़क पर आवाजाही कम होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि उसी समय कोई अन्य वाहन सामने होता तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। वहीं घटना के बाद मौके पर राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है।

### झगड़ा कर रहे एक को पुलिस ने किया शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार

**कांठ( शाह टाइम्स )** झगड़ा कर रहे एक को पुलिस ने शांति भंग



की आशंका में गिरफ्तार कर चालान किया है थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी रजनीश पुत्र अमर सिंह से गांव में शांति भंग का खतरा पैदा हो गया था जिसे पुलिस ने आज गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### थाना परिसर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना कांठ परिसर में आज सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक सुद. शपाल सिंह ने सभी अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली और यक्ष ऐप



पर बीट सूचना सीसीटीवी आदि की फीडिंग आगामी त्योहारों के संबंध में सूचना संकलन न्यायालय के आदेश की तामिल जेल से छूटे समस्त अपराधियों का सत्यापन हिस्ट्रीशीटर का सत्यापन के संबंध में उच्च अधिकारियों के द्वारा आए निर्देशों को पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने कहा कि सभी निर्देशों का अधिकारी और कर्मचारी कड़ाई के साथ पालन कराएंगे। सैनिक सम्मेलन में थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में सजेगा फिजियोविजन 1.0 का अंतर्राष्ट्रीय मंच, विशेषज्ञ आएंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का फिजियोथेरेपी विभाग 14 अप्रैल से पहली दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस फिजियोविजन 1.0 की मेजबानी करने जा रहा है।नवाचार और पुनर्वास उत्कृष्टता का संगम के मूल मंत्र के संग आयोजित होने वाली यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को एक नई दिशा देने का प्रयास है। आधुनिक विज्ञान और परंपरागत देखभाल के इस अनूठे संगम से रोगी के उपचार को और अधिक प्रभावी एवम् परिणामदायी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में वैश्विक दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड से एड्रॉइट फिजियो के संस्थापक डॉ.सोहराब शर्मा,मालदीव से मालद. ीव नेशनल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस से डॉ. उजमा सय्यद और मलेशिया से फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी से डॉ. तरुण अमलनेरकर जैसे विशेषज्ञ इस सम्मेलन की शोभा बढ़ायेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम कौल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा, इस सम्मेलन में चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ




पल्मोनोलॉजिस्ट सांस फाउंडेशन, नई दिल्ली से डॉ. पी.पी बोस,प्रिंसिपल इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली से प्रो.डॉ. चित्रा कटारिया , डीन राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान यूनिवर्सिटी एवम् प्रिंसिपल स्वास्थ्य कल्याण, जयपुर से प्रो. डॉ. ध्रुव तनेजा , हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट एवं फिजियोथेरेपिस्ट वन्य भारतीय खेल प्राधिकरण, न्यू दिल्ली से डॉ. प्रहलाद प्रियदर्शी आदि विचार प्रस्तुत करेंगे। अकादमिक सत्रों के साथ-साथ यह कॉन्फ्रेंस शोध एवम् नवाचार का जीवंत केंद्र भी बनेगी। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं पोस्टर एवं पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में अपने नवीन शोध कार्यों एवं विचारों को प्रस्तुत करेंगे। प्रो. कौल ने उम्मीद जताई, यह आयोजन युवा पीढ़ी को विशेषज्ञों से सीधे संवाद और मार्ग दर्शन प्राप्त करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा,यह एक सम्मेलन नहीं , बल्कि यह फिजियो थेरेपी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यह ऐतिहासिक आयोजन नैतिकता, सहयोग और समग्र पुनर्वास की भावना को और अधिक सशक्त करेगा।

बकौल प्रो. कौल मुरादाबाद की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का यह महासमागम न केवल छात्रों के लिए सीखने का एक सुनहरा अवसर है, बल्कि चिकित्सा जगत में नवीनता और उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करेगा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर खेलकूद प्रति. में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरागत रूप से डॉक्टर अंबेडकर मेमोरियल कमेटी के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से पूर्व "डॉ. भीमराव अंबेडकर खेलकूद प्रतियोगिता 2026" का आयोजन सिविल लाइंस स्थित अंबेडकर पार्क में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष रूप सिंह भारती ने किया, जबकि संच. ालन प्रांतीय महामंत्री वंश बहादुर ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों बच्चों ने उत्साह पूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।100 मीटर दौड़ (6-8 वर्ष बालक वर्ग) में वंश प्रताप सिंह



प्रथम, भास्कर द्वितीय और सिद्धार्थ तृतीय रहे। बालिका वर्ग में कनक ने प्रथम, शिवन्या ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 8-12 वर्ष बालक वर्ग में अक्षय कुमार प्रथम, दिव्यांशु कुमार द्वितीय और यश कुमार तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में इशिता प्रथम, अहाना द्वितीय और गुनगुन सागर तृतीय स्थान पर रहीं। 12-16 वर्ष बालक वर्ग में अंकित कुमार प्रथम, नितिन सैनी द्वितीय और उज्ज्वल एस चंद्र तृतीय रहे, वहीं बालिका वर्ग में तनिष्का प्रथम, खुशबू द्वितीय और प्रतिभा तृतीय स्थान पर रहीं।इसके अतिरिक्त नींबू-चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ एवं महिला कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में सत्यपाल सिंह, डॉ. कैलाश कुमार, डॉ. बी.आर. सागर, डॉ. पवन कुमार, वीर सिंह, शिवस्वरूप सिंह और श्याम कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में प्रांतीय अध्यक्ष रूप सिंह भारती ने बताया कि 15 अप्रैल को शाम 5 बजे इसी स्थल पर आयोजित समारोह में विज. ेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर मिष्ठान वितरण कर सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं।

# शिव पार्वती रसोई ने बांटा निशुल्क भोजन और शीतल जल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई द्वारा आज प्रत्येक रविवार की भांति निशुल्क भोजन सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों को उड़द, राजमा और चावल का प्रसाद स्वरूप भोग वितरित किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए निशुल्क शीतल जल सेवा की भी व्यवस्था की गई थी।संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा, ष्नर सेवा ही नारायण सेवा है। भूखे को अन्न और प्यासे को जल पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा से यह सेवा निरंतर जनकल्याण हेतु चल रही है। आज की रसोई सेवा में आशुतोष त्यागी, अंकुर यादव, आशीष यादव, योगेश भारती, सुनीत अग्रवाल, विनय कश्यप, विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, पारस त्यागी सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार को इसी प्रकार श्रद्धा, सेवा और समर्पण भाव के साथ निशुल्क रसोई का आयोजन किया जाता है।

## उपजिलाधिकारी बनीं नीतू रानी

**चन्दौसी।** प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने उपजिलाधिकारियों (डिप्टी कलेक्टरों) का स्थानांतरण किया है जिसके अनुसार आशुतोष तिवारी को चन्दौसी से स्थानांतरित कर जनपद मुख्यालय सम्भल में डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है।

तथा उन्हें उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सम्भल व ईआरओ 32-असमोली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जबकि विकास चंद्र को मुख्यालय सम्भल से गुन्नौर में उपजिलाधिकारी/उपजिला मजिस्ट्रेट (ईआरओ 111) नियुक्त किया गया है। वहीं अवनीश कुमार को गुन्नौर से स्थानांतरित कर मुख्यालय सम्भल में डिप्टी कलेक्टर बनाया गया है और उन्हें उपजिलाधिकारी (न्यायिक) चन्दौसी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

इसके अलावा नीतू रानी को मुख्यालय सम्भल से चन्दौसी में उपजिलाधिकारी/उपजिला मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात किया गया है। अधिकारियों को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आयोजित अंडर- 16 बैडमिंटन प्रतियोगिता 'उड़ान -2' में दिखा नन्हें खिलाड़ियों का दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में रविवार को आयोजित हुई अन्डर- 16 बैडमिंटन प्रतियोगिता ''उड़ान -2'' का विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने उदघाटन किया व नन्हें खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने बच्चों में खेल के प्रति खासा उत्साह देखकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सही समय है, जब युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ बचपन से ही खेल के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के प्रति भी हम सभी उन्हें प्रेरित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि आज के युवा आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी नवोदित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन व खेल निदेशक





डॉ. वैभव त्रिवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत स्टाफ वर्ग के बालक और बालिकाओं हेतु आयोजित यह बैडमिंटन प्रतियोगिता ''उड़ान'' पिछले वर्ष से शुरू हुई है तथा इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि नन्हें खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें बालक वर्ग में अंडर- 12 और अंडर- 16 वर्ग के खिलाड़ियों तथा बालिका वर्ग में अंडर- 10 और अंडर- 16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बालिका वर्ग अंडर- 10 में प्रथम पुरस्कार अक्षिता को और द्वितीय पुरस्कार नायरा को, अंडर- 16 में प्रथम पुरस्कार आरोही चौबे और द्वितीय पुरस्कार हर्षिता को तथा अंडर- 12 के बालक वर्ग में आदित्य सिंह को प्रथम और देव बड़गोती को द्वितीय पुरस्कार मिला, जबकि अंडर- 16 वर्ग में प्रज्ञान को प्रथम तथा दिव्यांशु को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि भविष्य में यह प्रतियोगिता बच्चों को खेल के क्षेत्र में शिखर तक पहुंचाने का काम करेगी।

प्रतियोगिता के दौरान वित्त अधिकारी डॉ. कुशलपाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुदर्शन सोनार समेत विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशकों, अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने नवोदित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने में श्री कपिल गिल, डॉ. शशांक चौधरी, डॉ. देश दीपक, श्री पुलकित शर्मा एवं जे. पी. सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में मझोला थाना पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह मामला बीते 23 फरवरी का है, जब थाना मझोला क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी।पीड़ित महिला ने आरोप लगाया था कि नामजद आरोपियों द्वारा उसके और उसके पति के साथ गाली-गलौच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई थी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसके पुत्र को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया, जिसके चलते उसके पुत्र ने आत्मघाती कदम उठा लिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में को. हराम मच गया था।पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना मझोला में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपों की पुष्टि होने पर पुलिस



ने कार्रवाई तेज कर दी।इसी क्रम में रविवार को थाना मझोला पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी सोनिया शर्मा पत्नी स्वर्गीय मोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्ता मूल रूप से ग्राम गांगन वाली मैनाठेर, थाना मझोला की निवासी है और वर्तमान में सहारनपुर जनपद के थाना मंडी क्षेत्र के मोहल्ला मातागढ़, पुराना चिलकाना अड्डा में रह रही थी।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महिला के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे प्रकरण का खुलासा कर अन्य दोषियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# इन्डेन गैस एजेंसी पर गैस लेने के लिए लग रही है लंबी कतारे

## एजेंसी संचालक पर धीमी गति से काम करने का आरोप हंगामा

**ठाकुरद्वारा।** नगर में गैस की किल्लत अब समस्या कम और 'प्रणाली का मजाक' ज्यादा बन चुकी है। उपभोक्ता गैस लेने के लिए गर्मी के मौसम में धूप में खड़े रहते हैं । लेकिन संचालक ने तेज धूप के कारण छाया की कोई व्यवस्था नहीं की है जिससे गैस उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है । लंबी लाइन में कभी केवाईसी तो कभी ओटीपी कभी कंप्यूटर की धीमी गति का बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को टरकाया जा रहा है । जिससे क्षेत्र के गैस उपभोक्ता परेशान है उपभोक्ता का कहना है कि गैस एजेंसी पर नया खेल चल रहा हैकृकभी केवाईसी अधूरी बता दी जाती है, तो कभी ओटीपी का का बहाना। ऐसा लगता है जैसे गैस नहीं, बल्कि कोई ऑनलाइन परीक्षा पास करनी हो। उपभोक्ताओं का कहना है कि बु. कंग के एक सप्ताह के बाद भी सिलेंडर नही मिल पा रहा है और अगली बुकिंग के लिए पूरा महीना इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा मार छोटे कारोबारियों पर पड़ रही है। चाय, टिक्की-पकौड़े और होटलों का चूल्हा ठंडा पड़ चुका है। ग्राहक लौट रहे हैं और दुकानदार मजबूर होकर आसमान देख रहे हैंकृशायद ऊपर से ओटीपी ही बरस जाए! मुस्तकीम , अबरार, नन्हे सिंह बताते हैं कि कई चक्कर लगाने के बाद सिर्फ पर्ची नसीब हुई, सिलेंडर नहीं। वहीं सुभाष , महिला रीना देवी, का दर्द है कि बच्चे गैस के चूल्हे के आदी हो चुके हैं, अब लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना मजबूरी बन गई है। एजेंसी पर रोज का नजारा भी कम दिलचस्प नहींकृलंबी कतारें, परेशान चेहरे और एक ही जवाब, "ऊपर से ओ टी पी नहीं आया।" सवाल ये है कि ये 'ऊपर' आखिर है कहां, जहां से ओटीपी आने में दिनों लग जाते हैं? किल्लत की वजह अंतरराष्ट्रीय हालातों को बताया जा रहा है, लेकिन स्थानीय उपभोक्ताओं को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उनके लिए तो बस इतना मायने रखता है कि घर का चूल्हा जले और रोजगार चलता रहे। हालात ये हैं कि गैस अब जरूरत नहीं, जंग बन चुकी हैकृऔर इस जंग में हार सिर्फ आम आदमी की हो रही है।

## एक नजर

### हज यात्रियों के प्रशिक्षण को लगाया गया कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** आजाद पब्लिक इंटर कॉलेज में हज यात्रियों के प्रशिक्षण को लेकर कैंप लगाया गया। जिसमें हज को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में भारी तादाद में हज यात्री शामिल रहे। इस मौके पर हाजी रईस आलम , कारी रईस अशरफ में सभी को हज के सारे नियम पूरे करने की जानकारी दी श। सभी को बताया कि उन्हें कौन-कौन सी प्रक्रिया पूरी करनी है, कहा कि 18 अप्रैल से हाजियों की रवानगी शुरू होगी। इसके बाद अंतिम उड़ान 20 मई को जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान 40 से ज्यादा हज यात्री शामिल है। इस बीच हज से संबंधित अनेकों जानकारियां भी ली। ट्रेनिंग में कॉलेज प्रबंधन इमाम हुसैन, प्रधानाचार्य समसुल कमर आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

### होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन

**मुरादाबाद।** ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के तत्वाधान में होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर एव मर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री ओंकारेश्वर मंदिर सैक्टर 16 नया मुरादाबाद में आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉक्टर आर के शर्मा व डॉक्टर नूतन आर्य ने रोगियों की जांच करके दवाइयों का वितरण किया द्य तथा वायरल वायरल रोगों खासतौर पर डेंगू से बचाव की दवाइयों का



भी वितरण किया गया उपरोक्त शिविर में एक्यूप्रेशर एवं मर्म चिकित्सा विधि द्वारा रोगियों के विभिन्न रोगों का इलाज करके तुरंत लाभ दिलाया गया शि. विर में ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ आर. के शर्मा ने बताया की आयुष चिकित्सा पद्धतियों के साथ एक्यूप्रेशर व मर्म चिकित्सा का समावेश करने से सभी प्रकार के रोगों यहां तक की गंभीर एवं असाध्य रोगों में बहुत लाभ दिलाया जा सकता है। शिविर में बड़ी संख्या में संचारी रोगों के बचाव की दवाई का नि:शुल्क वितरण किया गया तथा सफल एक्यूप्रेशर चिकित्सा से रोगियों को तुरन्त लाभ दिलाया। शिविर का संचालन अभिनय आर्य द्वारा किया गया।एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ पुष्कर राम,चरण सिंह, दीपाली, करन कोहली , सिद्धार्थ, नीतीश , प्रेम तथा रोहित ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा की।इस शिविर के आयोजन में अर्जुन शर्मा एव नकुल शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

### ईद व होली मिलन में दिया राष्ट्रीय एकता का पैगाम

**मुरादाबाद।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, पश्चिमी प्रांत के तत्वाधान में अंसार इंटर कॉलेज मुरादाबाद के प्रांगण में होली-ईद मिलन सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मुख्य वक्ता



ठाकुर राजा रईस (राष्ट्रीय संयोजक आओ जड़ों से जोड़ो) मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, मुख्य अतिथि एडवोकेट शिराज कुरैशी (उच्चतम न्यायालय तथा भारत फर्स्ट के राष्ट्रीय संयोजक) विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर इमरान चौधरी (संयोजक छात्र प्रकोष्ठ) मौ मजाहिर खान (राष्ट्रीय संयोजक मदरसा प्रकोष्ठ) तथा शेर अली खान सुन्नी सोशल फोरम के प्रदेश संयोजक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुझे कार्यक्रम का संचालन हसन जिला संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय जादू मुरादाबाद में किया इस कार्यक्रम के संयोजक शाहनवाज अहमद खान पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रांत आओ जरूर किया गया।

### मझोला क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मुरादाबाद।** जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को थाना मझोला क्षेत्र में पुलिस द्वारा सघन पैदल गश्त (फ्लैग मार्च) किया गया। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाया गया, जिसमें सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस ने थाना मझोला पुलिस टीम के साथ स्वयं क्षेत्र में उतरकर हालात का जायजा लिया।गश्त के दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा संवे. दनशील स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी गई और आवश्यक पूछताछ भी की गई। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों, व्यापारियों और राहगीरों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।पुलिस अधिकारियों ने थाना मझोला स्टाफ को सख्त निर्देश दिए कि क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखें, रात्रि गश्त को प्रभावी करें और असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।अधिकारियों ने कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है और लोगों ने भी इस पहल की सराहना की है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कुन्दरकी।**थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना 10 अप्रैल की है, जब आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसे



धमकाया। पीड़िता की तहरीर पर थाना कुंदरकी में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 65(1), 351(3) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस आरा. पी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

### पंकज शर्मा अध्यक्ष व विकास उपाध्याय महामंत्री बने

**चन्दौसी।** ब्राह्मण सभा चन्दौसी की आयोजित बैठक में संरक्षक मंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद संरक्षकों ने संगठन की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बदलाव की आवश्यकता बताई।

# तेंदुओं के बढ़ते आतंक से बचाव को ग्रामीणों को किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में रविवार को वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ गोष्ठी आयोजित कर खेतों में



संयुक्त रूप से कॉम्बिंग अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को तेंदुए से बचाव के उपाय बताते हुए पंपलेट भी वितरित किए गए। विभाग के वन दरोगा पीयूष जोशी और मदन सिंह ने बताया कि गोष्ठी में ग्रामीणों को सतर्क रहने, रात के समय अकेले खेतों में न जाने और बच्चों को निगरानी में रखने की सलाह दी गई। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई। ग्रामीणों ने विभाग की इस पहल की सराहना की और तेंदुओं के हमले की घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त गश्त की मांग की। विभाग ने आश्वा. सन दिया कि आगे भी इस तरह के जागरूकता अभियान जारी रहेंगे। बतादें कि शनिवार को गांव के चार वर्ष हर्ष सैनी को उसके माता पिताा तेदुंए के जबड़ से निकालकर लाये थे। इसमें हर्ष घायल हो गया। मासूम के तेदुंए के हमले की घायल होने पर वन विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों को तेदुंए से बचाव के टिप्स दिये।

# सुरक्षा मानकों को ताख पर रखकर चलाए जा रहे ऊंचे ऊंचे झूले, मेले के नाम पर शुरू की जा रही नई प्रथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कस्बे के मौहल्ला लाल बाग में आयोजित मेले मे देर रात तक जमकर हुड़दंग मचाया जा रहा है,हैरत की बात ये है कि स्थानीय प्रशासन इस सब से बेखबर है या फिर यूं कहे कि किसी अप्रिय घटना के इंतजार मे है।सूत्रों की मानें तो बिना मनोरंजन कर विभाग अनुमति के उक्त मेले मे लगभग 50-60 फीट ऊंचा झूला व बड़ी नाव लगाकर निर्धारित समय के बाद भी रात एक से दो बजे तक मेला कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। हाल ही मे हुए हादसों से भी क्यों नही लिया जा रहा सबक मेला संच. ालक जावेद अहमद का कहना है कि परमिशन रात 10 बजे तक है,जबकि सारे नियम कानून ताख पर रखकर मेला संचालक द्वारा देर रात तक उक्त मेले का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई दिनों से यह सिलसिला रात दो बजे तक चल रहा है। वहीं मेले मे लगे ऊंचे - ऊंचे झूलों पर सुरक्षा संबंधी कोई भी इंतजाम नहीं है फिर चाहे वह अग्निशमन कीट हो या फिर मेडिकल संबंधी,ऐसे मे सवाल उठता है कि कई अलग अलग स्थानों पर हाल ही मे झूलों से हुए हादसों के बाद भी प्रशासन सबक क्यों नहीं ले रहा है क्यों बिना सुरक्षा संबंधी मानकों के ऊंचे ऊंचे झूले लगाकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि प्रशासन की मिलीभगत कर झूले का संचालन किया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा कोई झूले की परमिशन नही है। कई सामाजिक लोगो का दावा है कि उक्त मेले में कोई पुलिसकर्मी तैनात नही रहता न ही महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहती हैं। जबकि नगर की बाहरी दिशा मे लगने वाले इस मेले मे बड़ी संख्या में महिलाएं मेला देखने आती हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में छेड़छाड़ और मारपीट की घटनाएं आम हो गई हैं। नागरिकों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन इन घटनाओं से अनजान बना है। बतादें कि जब किसी भी मेले की परमिशन दी जाती है तो मेले परिसर में महिलाओं और बच्चो की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी बनायी जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोतवाली पुलिस की मिलीभगत के कारण ही मेला संच. ालक निर्धारित समय के दो - तीन घंटे बाद तक मेला चला पा रहा है।इससे नगर में चोरी की घटनाओं के बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। अब देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन इस मेला संचालक के हौसलों पर अंकुश लगाता है या नहीं। फिलहाल पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## नई प्रथा डालने वाले मेले पर उठ रहे सवाल

**ठाकुरद्वारा।** लोगों का कहना है कि अपने निजी स्वार्थ के लिए नगर निवासी जावेद अहमद व कुछ बाहरी लोगों द्वारा पिछले कुछ समय से उक्त मेले का आयोजन किया जा रहा है ,जबकि कई बार ऐसा भी हुआ है कि प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे नई प्रथा बताकर मेला उखड़वाते हुए बाहर नगर से बाहर का रास्ता दिखा दिया था,

लेकिन इस बार राजनीतिक संरक्षण कहे या फिर मिलीभगत नई प्रथा चालू करने वाले इस मेले का आयोजन सारे सुरक्षा मानक और नियम कानून को दरकिनार करते हुए देर रात तक धड़ल्ले से किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों लोग जमा हो रहे हैं, ऐसे मे सवाल उठता है कि यदि उक्त मेले मे कोई अप्रिय घटना हो जाती है तो जवाबदेही किसकी होगी।

# सोशल मीडिया पर पूर्व प्रधान पति पर अभद्र टिप्पणी व धमकी देने का आरोपी, थाने में शिकायत

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शाजिद और पुत्रवधू महरुना को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किसी कृत्य से मेरा और बाकी परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। मुन्नी खातून पत्नी बसारत हुसैन, निवासी मुख्तियारपुर नवादा, तहसील कांठ, जनपद मुरादाबाद।

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी पूर्व प्रधान पती को गांव का एक युवक विदेश में मजदूरी का काम करता है उसने प्रधान पति के विरुद्ध सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र टिप्पणी कर जान से मारने की धमकी लगातार दे रहा है ।

पीड़ित पूर्व प्रधान पतिने थाना डिलारी पुलिस को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जटपुरा के पूर्व प्रधान पति रईस अहमद ने प्रार्थना पत्र में बताया गया कि आरोपी ने फर्जी नाम से सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उसकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से वीडियो व रील अपलोड कीं, जिनमें आपत्तिजनक व भ्रामक बातें कही गईं। आरोप है कि लगातार इस तरह की पोस्ट करने से पीड़ित मानसिक रूप से परेशान है और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। पीड़ित का कहना है कि समझाने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और अब गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

REQUIRED
L.S. Vidyapeeth
Approved by NCTE NRC, New Delhi.
Affiliated to
Guru Jambeshwar University Moradabad.
Principal- 01(For B.Ed)
Qualification As per University and UGC NCTE Norms, Experience 15 Years
Astt. Professor- 15 (For B.Ed) Maths, Physics & Chemistery, Botany, Zoology Hindi, English, And Social Study.
Astt. Professor- 01 (Physical Education)
Astt. Professor- 01 (Fine Art)
Astt. Professor- 01 (Performing Art)
Astt. Professor- 07 (For B.A.)
-: Subject's :-
Hindi, English, Sanskrit, Political Science, History, Sociology Economics, (One Post of each post.)
Qualification As Per University and UGC Norms. Salary- As Per University & State Govt. Norms .
Computer Operator- 02
Qualification- Basic Knowledge of Computer & Hindi Typing. Send your Bio-Data with Two Passport size Photograph and all relative Documents
L.S. Vidypeeth
Village:- Bahapur, P.O.Ujhari, Distt: Amroha
E-mail:lsvidyapeeth@gmail.com
Mobile No.:- 9412015921

# धनगर समाज की बैठक में अधिकारों और प्रतिनिधित्व को लेकर उठी आवाज

**ठाकुरद्वारा।** ऑल इण्डिया धनगर समाज महासंघ, उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) की बैठक रविवार को उना देवी इंटर कॉलेज में आयोजित हुई, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष बंचल कुमार धनगर ने की। इस दौरान



वक्ताओं ने कहा कि धनगर समाज के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकार पूरी तरह से नहीं मिल पा रहे हैं। खासतौर पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही समस्याओं को लेकर नाराजगी जताई गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार व जिला स्तर की राजनीतिक कार्यकारिणी में धनगर समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है, जिससे समाज में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी 2027 के चुनाव में इसका असर देखने को मिल सकता है। बैठक में जिलाध्यक्ष कृपाल सिंह धनगर, मंडल अध्यक्ष सूरजपाल सिंह धनगर, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजपाल सिंह धनगर, कृष्ण गोपाल सिंह धनगर, दयाराम सिंह धनगर, रमेश सिंह धनगर, शशतपाल सिंह धनगर, ओमराज धनगर, मनोज धनगर, तहसील अध्यक्ष जगदीश सिंह धनगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत रविवार को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा पंचायत घर में आयोजित किये गये कार्यक्रम में बालिकाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना से अवगत कराया। उपनिरीक्षक आकाश यादव, महिला कांस्टेबल प्रीति व अंजलि शर्मा ने महिलाओं को सरकारी सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दी और किसी भी आपात स्थिति में नम्बर यूज कर मदद ले सकतीं हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हिमगिरी क्षेत्र में भाजपाइयों ने किया घर घर जनसंपर्क केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारियां

**मुरादाबाद।** चंद्र नगर मंडल के तत्वावधान में हिमगिरी क्षेत्र में गांव/बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई और लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। अभियान की शुरुआत हिमगिरी वार्ड से पार्षद चंद्रभान के नेतृत्व में की गई। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक संदीप गुप्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान की संयोजि. का श्रीमती अल्पना रितेश गुप्ता रहीं, जिन्होंने महिलाओं को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का नेतृत्व चंद्र नगर मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने किया। उनके साथ नामित पार्षद अमित सिंह मिंटू ठाकुर, कार्यक्रम संयोजक महेश सैनी, सह संयोजक मोंटी गुर्जर, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा व अनिल मल्होत्रा, महानगर मीडिया प्रभारी हरिओम सैनी, कपिल राजपूत, मंडल मंत्री पूनम सैनी, प्रकाश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी जेपी कश्यप, झांझनपुर शक्ति केंद्र संयोजक संजय सिंह चौधरी, अजय दिवाकर, पूर्व पार्षद विनोद गुप्ता, अर्पित गुप्ता व अजय वर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों को सरकारी योजनाओं के लाभों से अवगत कराया। वहीं, स्थानीय लोगों ने केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। कई स्थानों पर लोगों ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्य तेज हुए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है।अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने "नरेंद्र मोदी जिंदाबाद" और "योगी जी जिंदाबाद" के नारे भी लगाए। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# महानगर में निकली भव्य भगवा यात्रा, 'लव जिहाद' थीम की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र





**मुरादाबाद।** श्री रामोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में भव्य भगवा यात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यात्रा में शामिल विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियों के बीच 'लव जिहाद' थीम पर आधारित एक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही।शहर के प्रमुख मार्गों से गुजर रही इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। हालांकि कई आकर्षक झांकियां निकाली गईं, लेकिन 'लव जिहाद' विषय पर आधारित झांकी के आसपास सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। लोग इस झांकी को देखने और उसका वीडियो बनाने के लिए उत्सुक नजर आए।

आयोजकों के अनुसार, इस झांकी के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया गया। यात्रा के दौरान "जय श्री राम" के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा, जिससे माहौल में उत्साह और श्रद्धा का संचार हुआ।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे कार्यक्रम पर निगरानी रखी गई। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुकेश विनायक खांडेकर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य समाज को जोड़ना और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और शांति के साथ कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील भी की। कुल मिलाकर, भगवा यात्रा आस्था, परंपरा और जन भागीदारी का एक बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई।

# स्टंटबाजी करने वाले पांच छात्र गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास कार की छत पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने रविवार को पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह वीडियो करीब दो दिन पहले सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसमें कुछ युवक चलती कार की छत पर चढ़कर खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो में दिख रही कार के नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान आर्यन, अनमोल, जीत, उत्तम और अर्पित के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये सभी एक यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। वे सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट कर रहे थे। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। उन्होंने



कहा कि सोशल मीडिया पर लो. कप्रियता के लिए ऐसे खतरनाक स्टंट करना कानूनी अपराध है। पुलिस ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। सिंह ने युवाओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा को खतरे में न डालें।

## छाबड़ा मंडल में भाजपा का गांव घर बस्ती अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिचौटा चौराहा स्थित पर पंचायत घर पर रविवार को अपरान्ह भारतीय जनता पार्टी की ओर से गांव घर बस्ती अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छावड़ा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य वक्ता बिलारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे सुरेश सैनी तथा जिला मंत्री डा. विशाल चौहान ने भाजपा की नीतियों व भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में छाबड़ा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कथा श्रवण से मिलता है जीवन को सच्चा मार्ग: शिवशंकर भारद्वाज

**चन्दौसी।** शक्तिनगर क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया है। रविवार को कथा के तीसरे दिन कथावाचक शिवशंकर भारद्वाज ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा व्यक्ति को सही जीवन मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है तथा धर्म, भक्ति, प्रेम और सदाचार का संदेश प्रदान करती है। आज के भौतिक जीवन में उलझे लोगों के लिए यह कथा आध्यात्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथावाचक ने कहा कि जहां भी कथा, हवन, सुंदरकांड या रामायण का पाठ हो रहा हो, वहां बिना निमंत्रण के भी पहुंचना चाहिए, क्योंकि ऐसे धार्मिक आयोजनों में शामिल होना अपमान की बात नहीं, बल्कि सौभाग्य होता है। उन्होंने बताया कि कथा का वास्तविक फल तभी मिलता है जब व्यक्ति सच्चे भाव से उसका श्रवण करे। साथ ही गृहस्थ जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति को आलस्य त्यागकर परिश्रम के माध्यम से ही धन अर्जित करना चाहिए तथा राजा का कर्तव्य अपनी प्रजा की रक्षा करना और अन्याय को रोकना है। इस अवसर पर विनेश सिंह, सोनू सिंह, सतेंद्र, अनिल गुप्ता, पुष्पेश शंखधार, अरविंद गुप्ता, रविंद्र सिंह, अनिल कुमार एडवोकेट, संजीव कुमार, रमा, सुधा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## बिलारी समाचार

### भाजपा स्थापना दिवस पर ग्रामीणों को बताई योजनाएं



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे कार्यक्रम के तहत आज भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने खादर क्षेत्र के गांव में जाकर लोगों से संपर्क कर पत्रक वितरण किया। मुकेश माहेश्वरी बेगमपुर गांव पहुंचे और घर-घर संपर्क अभियान चलाते हुए पार्टी के पत्रक वितरित किए उन्होंने लोगों के पास बैठकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो किसानों व्यापारियों गरीबों मजदूरों के हितों की योजनाएं बनाकर उन्हें अमली जामा पहनाने का काम करती है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर बूथ अध्यक्ष अशोक बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में जन संपर्क अभियान जारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव इस बार 19 अप्रैल दिन रविवार को मनाया जाना है जिसमें 10:00 बजे वैदिक पूजन 11:00 बजे गोष्टी और 4:00 बजे भव्य शोभा यात्रा स्वर्गीय बाबूराम शर्मा धर्मशाला से निकाली जाएगी उक्त जानकारी ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी और सदस्यों ने दी उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए अधिक से अधिक संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है और इसके लिए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान जारी है अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष भावेश शर्मा ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण जगह-जगह पर उनका स्वागत कर रहे हैं और इस पावन अवसर पर आकर जन्मोत्सव समारोह में आने का भरोसा दिला रहे हैं बताया कि कार्यक्रमो का शुभारंभ 16 अप्रैल से हो जाएगा जिसके अंतर्गत 18 अप्रैल तक सुबह 5:30 बजे नगर के मोहल्लो में प्रभात फेरी निकाली जाएगी और मुख्य कार्यक्रम 19 अप्रैल को संपन्न होगा।



प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य भगवान परशुराम के संबंध में प्रचार प्रसार करना होता है। आज ब्राह्मण बंधुओ ने नगला दुमहेला नवादा समदपुर विलायत नगर आदि गांव में भ्रमण किया। इस मौके पर संजय कौशिक अमित शर्मा बबलू शर्मा पवन शर्मा सोमेश शर्मा केशव तपेंद्र शर्मा आकाश आदि मौजूद रहे।

### भक्ति और सुरक्षा के घेरे में निकली भव्य कलश यात्रा 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ श्रीगणेश

**सुरजननगर।** क्षेत्र के देवभूमि देवीपुरा और खैरुल्लापुर में आज रविवार से आध्यात्मिक चेतना का महाकुंभ प्रारंभ हो गया है। गायत्री परिवार देवीपुरा द्वारा आयोजित 51 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सवश का शुभारंभ एक विशाल एवं अनुशासित कलश यात्रा के साथ किया गया। यह विशेष अनुष्ठान आज से शुरू होकर अगले चार दिनों तक अनवरत चलेगा, जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।कलश यात्रा की महत्ता और उमड़ने वाले भारी जनसैलाब को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरजननगर चौकी प्रभारी ओंकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। यात्रा के दौरान सत्येंद्र बालियान, राम मोहन शर्मा, अरुण कुमार, अनुज चौधरी और कुलदीप कुमार सहित भारी संख्या में महिला पुलिसकर्मी पूनम कम्बोज, सोनीका आदि तैनात रहीं। पुलिस टीम ने मुस्तैदी के साथ यातायात और भीड़ को नियंत्रित कर यात्रा को सुगम बनाया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।रविवार सुबह होते ही पूरा क्षेत्र जय गायत्री माता और वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उद्घोष से गूँज उठा। पीले वस्त्रों में सजी सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने जब सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा शुरू की, तो ऐसा दृश्य उत्पन्न हुआ मानो सड़कों पर पीत सागर उमड़ आया हो। यह यात्रा खैरुल्लापुर से प्रारंभ होकर उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित देवीपुरा तक पहुँची।इस दौरान भक्ति का उत्साह चरम पर दिखा परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य और भावपूर्ण स्वागत किया गया। बैंड-बाजे और भक्ति संगीत की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने बताया कि युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित यह महायज्ञ 15 अप्रैल तक चलेगा। आज प्रथम दिन कलश यात्रा के समापन पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञशाला में मंगल कलशों की विधिवत स्थापना की गई।



### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार पुलिस की कार्रवाई, मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पीड़िता को शादी का भरोसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया, विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर पर थाना कुंदरकी में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरा. पी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।



# ज्ञान गंगा में डुबकी लगाकर परम आनंद की अनुभूति करें: महात्मा रामनाथ सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** संत निरंकारी मिशन की शाखा ब्रांच करनपुर चौराहा में एक विशाल क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया जिसमें मुरादाबाद से आए संयोजक महात्मा रामनाथ सिंह ने अपने प्रवचनों में कहा कि हम निरंतर सुनते आ रहे हैं कि मनुष्य जन्म सफल ही भक्ति से होता है सभी धार्मिक ग्रंथो में भी मनुष्य जन्म को सबसे उत्तम जन्म माना गया है उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार हमारी भूख भोजन करने से ही शांत होती है।

भोजन की सुंदर व्याख्या करने से नहीं भोजन की सुंदर व्याख्या हमारी भूख को बढ़ा तो सकती है लेकिन तृप्ति तो भोजन करने से ही होती है हमारे शरीर की तपिश गंगा जल में डुबकियां लगाने से ही शांत होती है गंगाजल की सुंदर व्याख्या से नहीं है गंगा. जल की सुंदर व्याख्या शीतल जल में उतरने की इच्छा तो जगाती है लेकिन तपिश व मैल दूर करने के लिए गंगा के शीतल जल में उतरना जरूरी है तभी वास्तविक आनंद प्राप्त होगा इसी प्रकार साध संगत में निरंतर आने से गुरुसिख को परम आनंद की अवस्था प्राप्त होती है प्रभु की कृपा से मनुष्य का शरीर प्राप्त करने के बाद मुझे विचार करना है कि मुझे क्या करना है कैसा जीवन जीना है कौन से दिव्या गुणों को जीवन में अपनाना है जिससे यह जन्म सफल हो सके साथ संगत में भी अनुभवी ब्रह्म ज्ञानी महात्माओं के वचनों द्वारा ज्ञान की पावन गंगा बहाई जाती है इस भक्त इस ज्ञान गंगा में डुबकियां लगाकर परम आनंद की अनुभूति करता है इस समागम में कवि दरबार का भी आयोजन किया गया जिसमें धर्मपाल सिंह, रामवीर सिंह, अमित कुमार आदि कवियों ने अपनी काव्य रचना सभी के समझ रखी मंच का कुशल संचालन राजवीर सिंह ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रांच करनपुर चौराहा के इंचार्ज डॉक्टर बाबू सिंह, सेवादल इंचार्ज कमल कुमार ,त्रिवेणी शंकर ,भजन सिंह ,महेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, होती सिंह ,चेतन स्वरूप, नन्हे सिंह, पूरन सिंह, चंद्रपाल सिंह ,सुभाष सिंह, ध्यान सिंह, रामवीर सिंह, मोतीराम, सतीश कुमार, राज. कुमार, डॉ दीपक कुमार, ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी ,अंजली देवी ,निशि देवी, नीतू देवी, ज्योति सिंह, वीरवती, मलका देवी ,कामिनी, मोनिका ,आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे सत्संग के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े ही श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।





## मिशन शक्ति केंद्र बिलारी में इंसानियत की मिसाल

### उपनिरीक्षक मीनू चौधरी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बच्चों को चॉकलेट बांटकर जीता दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली बिलारी स्थित मिशन शक्ति केंद्र में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है। यहां तैनात उपनिरीक्षक मीनू चौधरी अपने कर्तव्यों के साथ-साथ मानवीय व्यवहार के लिए भी लोगों के बीच सराहना का केंद्र बनी हुई हैं। मिशन शक्ति केंद्र पर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को उपनिरीक्षक मीनू चौधरी ध्यानपूर्वक सुनती हैं और संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देती हैं। खासतौर पर महिलाओं से जुड़े मामलों को वह बेहद गंभीरता से लेती हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करती हैं।

गर्मी के मौसम को देखते हुए केंद्र पर आने वाले लोगों के लिए पानी की व्यवस्था भी कराई जाती है, जिससे दूर-दराज से आने वाले फरियादियों को राहत मिल सके। यही नहीं, फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। उपनिरीक्षक मीनू चौधरी बच्चों को चॉकलेट देकर उनका मनोबल बढ़ाती हैं, जिससे केंद्र का माहौल और भी सहज व सकारात्मक बन जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उपनिरीक्षक मीनू चौधरी का व्यवहार बेहद विनम्र और सहायक है, जिससे लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो रहा है। मिशन शक्ति केंद्र बिलारी में इस तरह की पहलें न केवल महिलाओं को सुरक्षा का एहसास कराती हैं, बल्कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को भी सुदृढ़ करती हैं।



## गांव संपर्क अभियान के तहत किया प्रबुद्ध वर्ग और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के गांव संपर्क अभियान के अंतर्गत आज मानपुर मुजफ्फरपुर पहुंचे पार्टी पदाधिकारियो ने प्रबुद्ध वर्ग और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। बताया गया कि गांव में भारतीय सेना से रिटायर्ड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह निशाकर वाल्मीकि राजू लाल उत्तर प्रदेश पुलिस से रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ओम प्रकाश शर्मा रिटायर्ड ऑपरेटर रणवीर बिश्नोई को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक कैलेंडर एवं पुस्तक भी दी गई। कार्यक्रम से पहले चामुंडा मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मंडल उपाध्यक्ष भाजपा अखिलेश बिश्नोई मंडल मंत्री भाजपा दिव्यांश बिश्नोई मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा सतनाम सिंह शक्ति केंद्र संयोजक सुभाष सिंह बूथ अध्यक्ष सुरेश कुमार आर्यन सैनी प्रियांशु चौधरी बालमुकुंद शर्मा अशोक शर्मा दयानंद बिश्नोई एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चकित चौधरी मौजूद रहे।



## ब्राह्मण महिला सभा संभल की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा की वरिष्ठ सदस्य उर्मिला शर्मा, संयोजिका संगीता भार्गव एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा एड0 द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात जिला महासचिव आशा सारस्वत एवं कोषाध्यक्ष सुमन मिश्रा ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। समारोह में संयोजिका संगीता भार्गव ने रंजना शर्मा को ब्राह्मण महिला सभा जिला संभल की प्रथम जिलाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई और बताया कि वे वर्षों से निस्वार्थ भाव से संगठन के लिए कार्य कर रही हैं, उनकी निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण को देखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। साथ ही श्रीमती आशा सारस्वत को जिला महासचिव एवं श्रीमती सुमन मिश्रा को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगराध्यक्ष रानी शर्मा, नगर सचिव नीलम राय, नगर कोषाध्यक्ष अंशु नागर, उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, सपना शर्मा, साधना पाठक, आशा गोस्वामी, बबीता शर्मा, अनीता शर्मा, सुलेखा नागर, निर्मला मिश्रा, ममता नागर, कुमकुम मिश्रा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

## अम्बेडकर जयंती पर भाईचारा एवं सामाजिक समरसता समारोह का हुआ आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )।** प्रदीप फार्म हाउस भिकनपुर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती सप्ताह पर भाईचारा एवं सामाजिक समरसता समारोह आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और युवाओं से रालोद को मजबूत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में रालोद के कैबिनेट मंत्री और मुरादाबाद के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का निर्माण करके देश वासियों के लिए एक महान कार्य किया है। डॉ भीमराव अम्बेडकर सामाजिक समरसता के धनी, दूरदर्शी, समाज सुधारक व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश और दुनिया को एक नई दिशा देने का कार्य किया।हरियाणा के पलवल से नरदेव सिंह बेनीवाल और हरेंद्र नागर हस्तिनापुर के द्वारा रागिनी प्रस्तुत की गई थी। समरसता समारोह में आई ऐतिहासिक भीड़ को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए तथा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के बताए मार्ग पर चलकर किसान एवं मजदूरों के हितों की रक्षा की जाएगी। कहा की लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने और उन्हें प्रशिक्षित करके रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी है। इस अवसर पर मनोज चौधरी,मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह,हनी तोमर प्रदेश महासचिव रालोद, धीरेन्द्र सिंह किसान मोर्चा,अमन ढिल्लो, राहुल बालियान,अशोक कुमार बाल्मीकि,खचेडू सिंह नसीरपुर, अमीर सिंह,केवल सैनी,पुष्पेन्द्र चौहान,हरिराज सिंह चौहान, मित्रपाल सिंह,अरविंद जाटव, राहुल जाटव,जन्म सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# सम्पादकीय

सोमवार, 13 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## अभी शांति दूर

शनिवार को पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में 21 घंटे चली ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष विराम को लेकर दोनों देशों प्रतिनिधिमंडलों की बैठक बेनतीजा समाप्त हुई। निश्चित रूप से यह दुनिया के लिए कोई अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि दोनों देशों के बीच चला संघर्ष पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों को लेकर अड़े रहे। कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं था। रविवार को अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा भी कि वह बहुत उम्मीद लेकर इस्लामाबाद गए थे, लेकिन ईरानी प्रतिनिधिमंडल अपनी जिद पर अड़ा था। वह न्यूक्लियर पर जरा भी पीछे हटने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका का नजरिया बिल्कुल साफ है कि वह किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु संपन्न देश नहीं बनने देगा। होर्मुज भी बातचीत के फेल होने का बड़ा कारण बना। ईरान उस पर अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका चाहता है कि होर्मुज को अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार पूरी तरह खुला छोड़ना चाहिए। यूं तो दोनों ही तरफ से अपनी-अपनी शर्तें थी, जहां ईरान ने अपनी दस मांगों का एजेंडा सामने रखा, तो वहीं अमेरिका ने भी अपनी 15 मांगें ईरान के सामने रखीं, उनमें कुछ मांगें ऐसी हैं जो वास्तव में दोनों पक्षों के लिए स्वीकार करना बेहद कठिन है, क्योंकि ईरान जहां होर्मुज पर अपने कंट्रोल, अपने मिसाइल प्रोग्राम और उसकी प्रॉक्सी की सहायता से जरा भी पीछे हटने को तैयार नहीं है, तो वहीं अमेरिका की यह पहली शर्त है। ईरानी डेलिगेशन ने वार्ता के बाद कहा कि इस बैठक में सबसे बड़ी कमी भरोसे की दिखाई दी। वह अमेरिका पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है। ईरान के लोकसभा स्पीकर गालिबाफ व विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा भी कि अमेरिका उनसे बातचीत में वह चाहता है, जो युद्ध में हासिल नहीं कर सका और इस समय सबसे बड़ी समस्या भरोसे की है। अमेरिका का अब तक जिस तरह का आचरण रहा है, उस पर भरोसा किया भी नहीं जा सकता। ईरान की बात गलत भी नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेन्स जिनके नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आया था, जिसमें स्टीव विटकॉफ व जेरेड कुशलर जैसे नाम शामिल थे, कहा है कि हम ईरान का किसी भी कीमत पर होर्मुज पर कंट्रोल नहीं होने देंगे और न ही परमाणु बम बनाने देंगे और ट्रम्प की नीति को ही आगे बढ़ाएंगे। इससे साफ है कि दोनों पक्ष अपने अड़ियल दृष्टिकोण पर खड़े हैं। ऐसे में यह साफ हो जाता है कि किसी भी पक्ष को एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है और कोई भी समझ सकता है कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने के लिए भरोसा सबसे पहली चीज है। वार्ता के बाद जिस तरह की भाषा अमे. रिकी राष्ट्रपति बोल रहे हैं और ईरान को धमका रहे हैं और होर्मुज को बलपूर्वक खोलने की बात कर रहे हैं, उससे भी साफ है कि शांति का समय जल्द ही लौटने नहीं जा रहा है।

### कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं



नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 कानून सितम्बर 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था और उस समय कांग्रेस ने इसे तुरंत लागू करने की मांग की थी, सरकार ने तब इसे लागू नहीं किया, जबकि अब 30 महीने बाद बिना विपक्ष को विश्वास में लिए विशेष सत्र बुला रही है, परिसीमन से जुड़ी कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई है, जिससे इस महत्वपूर्ण कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं हो पाएगी, सरकार का यह दावा गलत है कि राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर संवाद हुआ है, विपक्ष लगातार 29 अप्रैल 2026 के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रहा है, चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना सरकार की राजनीतिक मंशा को दर्शाता है और यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए उठाया गया प्रतीत होता है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## Versatile singing के लिए हमेशा याद रहेंगी

# आशा भोसले



आशा भोसले भारतीय संगीत जगत की वह अद्वितीय स्वर सम्राज्ञी हैं, जिनकी आवाज ने लगभग सात दशकों तक श्रोताओं के दिलों पर राज किया है। उनका जीवन केवल एक सफल गायिका की कहानी नहीं है, बल्कि संघर्ष, साहस, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम की ऐसी मिसाल है, जो हर पीढ़ी को प्रेरित करती है। आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और रंगमंच कलाकार थे। घर का वातावरण पूरी तरह संगीत से भरा हुआ था, इसलिए आशा जी को बचपन से ही संगीत की शिक्षा और संस्कार मिले। उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर पहले से ही संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी थीं और आगे चलकर वह भारत की सबसे महान गायिकाओं में गिनी जाने लगीं।

आशा भोसले का बचपन सामान्य नहीं था। जब वह केवल नौ वर्ष की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया। यह घटना उनके जीवन में एक बड़ा झटका थी। पिता के जाने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई। परिवार को संभालने की जिम्मेदारी अचानक आशा और लता पर आ गई। इतनी कम उम्र में ही उन्होंने जीवन की कठिनाइयों का सामना करना शुरू कर दिया। उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करना और गाना शुरू किया, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। यह उनके संघर्षपूर्ण जीवन की शुरुआत थी, जिसने उन्हें भीतर से मजबूत बनाया। आशा भोसले ने अपने करियर की शुरुआत बहुत छोटी उम्र में की थी। उन्होंने पहली बार मराठी फिल्म के लिए गाना गाया और फिर धीरे-धीरे हिंदी फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया, लेकिन शुरुआती दौर उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। उस समय संगीत जगत में गीता दत्त, शमशाद बेगम और उनकी अपनी बहन लता मंगेशकर जैसी स्थापित गायिकाओं का वर्चस्व था। ऐसे में आशा जी को मुख्यधारा के बड़े गीत नहीं मिलते थे। उन्हें बी-ग्रेड फिल्मों और कम बजट की फिल्मों में गाने का मौका मिलता था, लेकिन उन्होंने कभी भी इन परिस्थितियों से निराश होकर हार नहीं मानी। उन्होंने हर छोटे अवसर को अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम बनाया।

उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात प्रसिद्ध संगीतकार ओपी नैयर से हुई। ओ.पी. नैयर ने आशा भोसले की आवाज की अलग पहचान को पहचाना और उन्हें ऐसे गीत दिए, जिन्होंने उनकी छवि को पूरी तरह बदल दिया। नया दौर, हावड़ा ब्रिज, कश्मीर की कली जैसी फिल्मों के गीतों ने आशा भोसले को लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचा दिया। उनकी आवाज में जो चंचलता, मस्ती और ऊर्जा थी, वह उस दौर के संगीत में एक नई ताजगी लेकर आई। इस दौर में उन्होंने यह साबित कर दिया कि वह केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र और सशक्त पहचान वाली गायिका हैं।

आशा भोसले की गायकी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहुमुखी प्रतिभा रही है। उन्होंने हर प्रकार के गीतों में अपनी अलग छाप छोड़ी है। चाहे वह रोमांटिक गीत हों, गजल हों, भजन हों, लोकगीत हों या फिर पाश्चात्य शैली के कैबरे गीत, हर शैली में उन्होंने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, इन आंखों की मस्ती के जैसे गीतों के माध्यम से अपनी गायकी की विविधता को साबित किया।

उनके करियर का एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा आरडी बर्मन के साथ। आरडी बर्मन, जिन्हें प्यार से पंचम दा कहा जाता था, ने आशा भोसले के साथ मिलकर संगीत को एक नई दिशा दी। दोनों की जोड़ी ने कई सुपरहिट गीत दिए, जो आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। बाद में दोनों ने विवाह कर लिया और उनका रिश्ता केवल पेश. ेवर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी गहरा हो गया। आरडी बर्मन के साथ काम करते हुए आशा भोसले ने आधुनिक संगीत, पॉप और फ्यूजन में भी अपने प्रयोग किए, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ी।

आशा भोसले का निजी जीवन भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने बहुत कम उम्र में गणपतराओ भोसले से विवाह कर लिया था, लेकिन यह विवाह सफल नहीं रहा। उन्हें इस रिश्ते में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और अंततः उन्हें अलग होना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चों की परवरिश अकेले की और अपने करियर को भी आगे बढ़ाया। यह उनके साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

आशा भोसले ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कई देशों में लाइव कॉन्सर्ट किए और अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने पश्चिमी संगीत के साथ भी प्रयोग किए और अपनी शैली को समय के साथ बदलते हुए उसे और भी समृद्ध बनाया। यही कारण है कि वह आज भी नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सफलता का रास्ता कभी आसान नहीं होता। इसमें कई कठिनाइयां, असफलताएं और चुनौतियां आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है, वह अंततः सफलता प्राप्त करता है। आशा भोसले ने अपने जीवन में हर कठिनाई का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर इंसान में आत्मविश्वास और मेहनत करने का जज्बा हो, तो वह किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। आशा भोसले का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत और प्रतिभा के बल पर जो मुकाम हासिल किया, वह बहुत कम लोगों को नसीब होता है। उनकी आवाज आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

### जीवन की उपलब्धियां

आशा भोसले ने अपने करियर में हजारों गीत गाए हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कई विदेशी भाषाओं में भी गाने गाए हैं। उनकी आवाज की मधुरता और लचीलेपन ने उन्हें हर भाषा में लोकप्रिय बना दिया। उन्होंने लगभग 20,000 से अधिक गीतों को अपनी आवाज दी, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उनकी उपलब्धियों की बात करें तो उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कई बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते और एक समय के बाद उन्होंने नए गायकों को मौका देने के लिए अपना नाम इस प्रतियोगिता से वापस ले लिया। उन्हें नेशनल फिल्म अवार्ड फॉर बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर से भी सम्मानित किया गया, जो भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट गायन के लिए दिया जाता है। इसके अलावा भारत सरकार ने उन्हें पदम् विभूषण से सम्मानित किया, जो देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उनके संगीत में योगदान की सर्वोच्च मान्यता है। आशा भोसले को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

## तमिलनाडु विस चुनाव : नए युग का आगाज!



**ओ.पी. पाल**

तमिलनाडु की राजनीति को समझने के लिए अक्सर वहां की रैलियों का शोर और सिनेमाई सितारों का कट-आउट काफी माना जाता रहा है, लेकिन 23 अप्रैल 2026 को विधानसभा की 234 सीटो पर होने वाले चुनाव से ठीक पहले राज्य की गलियों में पसरा सन्नाटा किसी खामोशी का नहीं, बल्कि एक बहुत बड़े सियासी मंथन का संकेत है। इस बार का चुनाव केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं है, बल्कि यह इस बात का लिटमस टेस्ट है कि क्या 50 साल पुराना द्रविड़ वर्चस्व अब बहु-ध्रुवीय राजनीति के सामने झुकने को तैयार है? यानी एक गहरी राजनैतिक परिपक्वता और त्रिस्तरीय मुकाबले का संकेत है। विशेषकर महिला मतदाता, जो राज्य की आबादी का 51 प्रतिशत हैं, उन्होंने अपनी चुप्पी से डीएमके और एआईएडीएमके दोनों खेमों की नींद उड़ा दी है। हालांकि सभी राजनीतिक दल अपनी नई चुनावी रणनीति के साथ चुनावी जंग में हैं।

तमिलनाडु राजनीति के इतिहास पर नजर डाली जाए, तो चुनाव में तमिलनाडु की राजनीति में इस समय द्रविड़ दलों यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एडीएमके) को अक्सर एक राजनीतिक महाशक्ति के रूप में देखा जाता है। ये दोनों प्रमुख दल ही पिछले दशकों से राज्य पर शासन करते आ रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सियासी तस्वीर काफी बदली हुई नजर आ रही है। जहां पहले चुनावों में किसी एक पार्टी या गठबंधन की लहर नजर आती थी, वहीं इस बार ऐसा कोई सियासी परिदृश्य नहीं है। राजग और इंडिया गठबंधन दोनों अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में हैं, लेकिन जनता का मूड अभी भी शांत और सोच-समझकर फैसला लेने वाला दिख रहा है। राज्य में चुनावी सरगिर्मयों के बीच इस बार चुनावी रैलियों में वह पारंपरिक उन्माद नहीं दिख रहा, जो कभी एमजीआर, जयललिता या करुणानिधि के दौर में होता था। इस बार मतदाता मौन है और लगता है कि जनता इस बार उम्मीदवारों के चेहरों को नहीं, बल्कि उनके ट्रैक रिकॉर्ड को तौल रही है। यह सन्नाटा बताता है कि मतदाता इस बार लहर के बहाव में नहीं, बल्कि परिणाम के प्रभाव पर वोट करेगा। मसलन इस बार का चुनाव यह तय करेगा कि क्या तमिलनाडु अपनी पारंपरिक द्रविड़ सीमाओं में ही रहेगा या फिर वह राष्ट्रीय मुख्यधारा की राजनीति और नए क्षेत्रीय चेहरों के लिए अपने दरवाजे खोलेगा। दरअसल जब तमिलनाडु का मतदाता शांत होता है, तो वह अक्सर किसी बड़े उलटफेर की पटकथा लिख रहा होता है। 4 मई के नतीजे एक मुख्यमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति की आधी सदी का रुख तय करेंगे।

### डीएमके का वर्चस्व और एडीएमके का अस्तित्व

सत्ताधारी डीएमके अपने द्रविड़ मॉडल और महिला केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे मैदान में है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के लिए यह चुनाव अपनी विरासत को स्थाई बनाने की लड़ाई है। इसमें उनका मजबूत कैडर और सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच मानी जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का चेहरा सबसे बड़ा है, लेकिन गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस, छोटे दलों और वामपंथी दलों में दबी हुई नाराजगी के साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल की कमी एक 'अदृश्य दरार' पैदा कर रही है। वहीं सनातन धर्म जैसे विवादित बयानों ने जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन को असहज किया है, उसका असर स्थानीय स्तर पर भाजपा भुनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के लिए तमिलनाडु हमेशा से एक अजेय दुर्ग रहा है, लेकिन इस बार पार्टी ने अपनी रणनीति बदली है। एआईएडीएमके के साथ दोबारा हुए गठबंधन ने राजग को नई ऊर्जा दी है। हालांकि एआईएडीएमके का आंतरिक नेतृत्व संकट अभी भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। के. अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा ने खुद को आक्रामक विपक्ष के रूप में पेश किया है। वे हिंदुत्व को तमिल गौरव से जोड़कर उस वैचारिक चक्रव्यूह को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे द्रविड़ राजनीति ने दशकों से बनाया था। वहीं इस चुनाव में अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिझगा वेत्री टीवीके इस चुनाव के सबसे बड़े ब्लैक हॉर्स साबित हो सकते हैं। पहली बार वोट देने वाले करोड़ों युवा, जो पारंपरिक द्रविड़ राजनीति से अलग विकल्प ढूंढ रहे हैं। यह विजय का फैन बेस अगर पोलिंग बूथ तक पहुंचा, तो वह बड़े-बड़े दिग्गजों का सियासी गणित बिगाड़ सकता है। तमिलनाडु की सियासत में 2026 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व मोड़ पर खड़ा है। राज्य के राजनीतिक इतिहास में शायद यह पहला मौका है जब डीएमके, एडीएमके, भाजपा और कांग्रेस जैसे सभी मुख्यधारा के दलों ने किसी भी ब्राह्मण उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

## आम्बेडकरवादी भी जातिवादी हैं!



**डा. उदित राज**

भारतीय समाज में जाति एक जटिल और गहराई से जड़ जमाई हुई संरचना रही है, जिसे समाप्त करने का सबसे सशक्त और स्पष्ट आह्वान डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने किया था। उन्होंने न केवल जाति-प्रथा की आलोचना की, बल्कि एक ऐसे समाज की कल्पना की जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित हो। उनके विचारों का मूल उद्देश्य था, जाति का उन्मूलन। आज एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि क्या स्वयं को आम्बेडकरवादी कहने वाले लोग इन मूल्यों को व्यवहार में उतार पा रहे हैं या कहीं वे भी उसी जातिवादी सोच के शिकार हो गए हैं, जिसका विरोध आम्बेडकर ने किया था। शादी- विवाह जाति के भीतर ही हो रहा है और गैर आम्बेडकरवादी जातियों की तरह खुद के जाति के संगठन खड़ा कर दिया है। रीति-रिवाज, शादी- विवाह, जाति के आधार पर राजनीति का समर्थन, अपनी जाति को ऊंचा मानना आदि व्यवहार वैसे ही हैं जैसे अन्य हिंदू समाज का है। पुरुष समाज अपनी महिलाओं को उन्ही बंधनों में रखता है जैसे अन्य। जो जागृति दिखती है वो मुख्यतः खुद की सुविधा, धन और सम्मान की प्राप्ति के लिए है। डा आम्बेडकर ने अपनी प्रसिद्ध कृति Annihilation of Caste में स्पष्ट लिखा था जाति केवल श्रम का विभाजन नहीं है, बल्कि श्रमिकों का विभाजन है। इस कथन में उन्होंने यह रेखांकित किया कि जाति-प्रथा समाज को केवल कार्य के आधार पर नहीं, बल्कि मनुष्यों को स्थाई रूप से अलग-अलग वर्गों में बांट देती है। उनका मानना था कि जब तक जाति का अस्तित्व रहेगा, तब तक सच्चा लोकतंत्र और सामाजिक न्याय संभव नहीं है। इसके बावजूद, वर्तमान सामाजिक व्यवहार में एक विरोधाभास देखने को मिलता है। अनेक लोग जो स्वयं को आम्बेडकरवादी कहते हैं, वे सामाजिक-राजनीतिक मंचों पर समानता और अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन निजी जीवन में, विशेषकर विवाह और सामाजिक संबंधों के मामले में, जाति को प्राथमिकता देते हैं। यह प्रवृत्ति केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है यह व्यापक सामाजिक मनोविज्ञान का हिस्सा बन चुकी है। डा. आम्बेडकर ने अंतरजातीय विवाह को जाति-प्रथा को तोड़ने का सबसे प्रभावी साधन माना था। उन्होंने कहा था जाति को समाप्त करने का वास्तविक उपाय है, अंतरजातीय विवाह। उनके अनुसार, जब तक लोग अपने ही जाति-समूह के भीतर विवाह करते रहेंगे, तब तक जाति की दीवारें बनी रहेंगी। इस संदर्भ में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि आम्बेडकरवादी भी अपने व्यक्तिगत जीवन में इस सिद्धांत को अपनाने से हिचकते हैं, तो फिर उनके विचार और आचरण में सामंजस्य कैसे स्थापित होगा? महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण के मामले में भी एक समान विरोधाभास देखा जा सकता है। डा. अंबेडकर महिलाओं की स्वतंत्रता और अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा था, मैं किसी समुदाय की प्रगति को इस आधार पर मापता हूं कि उस समुदाय की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। इसके बावजूद, आज भी कई समाजों में, चाहे वे किसी भी विचारधारा से जुड़े हों, महिलाओं के प्रति पारंपरिक और सीमित दृष्टिकोण बना हुआ है। अंबेडकरवादी समाज भी इस प्रवृत्ति से मुक्त नहीं दिखता। यह भी सच है कि सामाजिक और आर्थिक संसाधनों तक पहुंच के लिए पहचान-आधारित राजनीति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए संगठित होना और अपने अधिकारों की मांग करना आवश्यक रहा है, लेकिन जब यह पहचान केवल सुविधा, सम्मान और संसाधनों की प्राप्ति तक सीमित रह जाती है और जीवन के अन्य पहलुओं में समानता के मूल्यों को नहीं अपनाया जाता, तो यह एक प्रकार का वैचारिक द्वंद्व उत्पन्न करता है।

डा. भीमराव अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में चेतावनी दी थी कि राजनीति में भक्ति या किसी नेता की अंधपूजा (Hero-worship) पतन और तानाशाही का सीधा रास्ता है। उन्होंने कहा था कि धर्म में भक्ति आत्मा की मुक्ति हो सकती है, लेकिन राजनीति में यह आत्म-विनाशकारी है, क्योंकि यह अंततः लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देती है। इसके विपरीत कथित दलित और पिछड़ों के नेता वोट बैंक की होड़ में अपने-अपने जाति के संगठन खड़ा कर दिए हैं। यह उतने ही जातिवादी हैं जितने अन्य दबंग जातियां और जाति के लोग अंध भक्त बन गए हैं और यह प्रकिया जारी है। यहीं पर आम्बेडकरवाद धराशाई हो जाता है और इनके जातियों के चरित्र और व्यवहार दूसरों के समान हो जाते हैं। आम्बेडकरवादी होना केवल एक पहचान या नारा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, उन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की, जिनके लिए डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष किया। जाति-प्रथा का विरोध केवल भाषणों और लेखों तक सीमित नहीं होना चाहिए इसे व्यक्तिगत और पारिवारिक निर्णयों में भी परिलक्षित होना चाहिए। अंततः, यह समझना होगा कि जाति-विहीन समाज का निर्माण केवल किसी एक वर्ग या समुदाय का कार्य नहीं है। यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि हम वास्तव में डॉ. आम्बेडकर के विचारों का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में ईमानदारी से लागू करना होगा, चाहे वह अंतरजातीय विवाह का समर्थन हो, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, या सामाजिक समानता की दिशा में ठोस कदम उठाना हो। सवर्णों को हर दुख और भेदभाव के लिए दोष देने से कभी भी उद्धार नहीं होगा। हां, सवर्णों के खिलाफ बोलकर कुछ लोग नेता तो बन जाते हैं परंतु खुद के समाज को नहीं बदलेंगे। प्रत्येक मानव स्वतंत्र पैदा हुआ, लेकिन परिवार और समाज उसे अपनी तरह ढालते हैं और यह प्रक्रिया पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। एक तरह से हम अतीत और अगल-बगल के रीति-रिवाज और परंपरा की फोटोकॉपी बनकर रह गए हैं। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि अपने मस्तिष्क को विकसित करो और जो ऐसा करेगा, खुद प्रगति कर सकेगा और सवर्ण भी उसको नहीं रोक सकते।



**( लेखक दलित, ओबीसी, मॉइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ ( डोमा परिसंघ ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ( केकेसी ) के राष्ट्रीय चेयरमैन हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं )**



अगरतला। त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएडीसी) चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के बाहर अपना वोट डालने के लिए कतार में खड़े होकर अपने पहचान पत्र दिखाते मतदाता।

## युंगाडा आर्मी चीफ ने तुर्की से सबसे खूबसूरत महिला मांगी

कम्पाला। युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्की से 1 अरब डालर (9000 करोड़) और देश की 'सबसे खूबसूरत महिला' को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्की से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्की एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने एक्स पर लिखा कि अगर तुर्की ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे। उन्होंने युगांडावासियों को तुर्की यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में 1 लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्की की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# 2-3 महत्वपूर्ण मुद्दों पर अटकी बातचीत: ईरान

## कई मुद्दों पर सहमति बनी, अंततः वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही

**मास्को।** ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर सहमत हुए लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर असहमति होने के कारण इस्लामाबाद में हुई बातचीत के बाद समझौता नहीं हो सका। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने दी। मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, बगाई ने कहा कि हमारे बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर हमारे विचार अलग-अलग थे और अंततः वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आठ अप्रैल की रात ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा की थी जिसके बाद, ईरान और अमेरिका ने शनिवार को इस्लामाबाद में वार्ता की।



■ ईरान के प्रस्ताव 'व्यावहारिक' अब अमेरिका को यथार्थवादी रुख अपनाना होगा

रविवार सुबह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा कि ईरान और अमेरिका लंबी बातचीत के दौरान किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट रहा है। वहीं ईरान ने अमेरिका के साथ वार्ता में 'व्यावहारिक' प्रस्ताव रखे हैं और अब आगे की प्रगति अमेरिका के रुख पर निर्भर है। प्रेस टीवी ने मामले से परिचित सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी प्रशासन ने वार्ता का आकलन उसी तरह गलत किया, जैसे उसने अपनी सैन्य रणनीति में किया था। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच अगले दौर की वार्ता का स्थान अभी तय नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच शनिवार को इस्लामाबाद में बातचीत हुई, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बाद आयोजित की गई थी। इस बीच, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद कोई समझौता नहीं हो सका और अमेरिकी दल खाली हाथ लौट रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने कहा कि वार्ता अविश्वास के माहौल में हुई और किसी को भी तत्काल समझौते की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो-तीन अहम विषयों पर मतभेद के कारण समझौता नहीं हो सका।

## कूटनीति कभी खत्म नहीं होती: ईरान

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता से कोई नतीजा नहीं निकला है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीति कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये वार्ताएं 40 दिनों के थोपे गए युद्ध के बाद हुई और अविश्वास और संदेह के माहौल में आयोजित की गईं। यह स्वाभाविक है कि हमने शुरू से ही एक ही बैठक में समझौते पर पहुंचने की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि किसी ने भी इसकी उम्मीद नहीं की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता अमेरिकी पक्ष द्वारा रखी गई अत्यधिक मांगों के कारण बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। वार्ता के बारे में बघाई ने कहा कि ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर एक समझौते पर पहुंच गए थे और दो-तीन महत्वपूर्ण मामलों पर मतभेद हैं।

■ कहा: ये वार्ताएं 40 दिनों के थोपे गए युद्ध के बाद हुई और अविश्वास और संदेह के माहौल में आयोजित की गई

# ईरान से वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रम्प

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान को बताया जिम्मेदार, होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी का किया ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में हुई नाकाम शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बेहद सख्त और तीखा बयान जारी किया है, जिसने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमधय खोलने का वादा किया था, लेकिन जानबूझकर उसे तोड़ा, जिससे दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता, डर और संकट की स्थिति पैदा हो गई है।

उनके मुताबिक, यह कदम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और ईरान की गैर-जिम्मेदार हरकतों ने वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्र में बारूदी माइन्स बिछाई हैं, जिससे जहाजों की आवाजाही खतरे में पड़ गई है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान की इन हरकतों से उसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि खराब हुई है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने ईरान को चेतावनी भरे अंदाज में तुरंत इस जलमार्ग को खोलने की मांग की और कहा कि इसे तेजी से लागू किया जाना चाहिए। एक दूसरे पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि ईरान के साथ हुई बैठक में ज्यादातर मुद्दों पर सहमति बन गई, लेकिन सबसे अहम मुद्दा परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं हो सका। ट्रम्प के अनुसार, इसके बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में आने-जाने वाले सभी जहाजों की निगरानी और रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी। इसके साथ ही टोल देकर होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को अमेरिकी नौसेना रोकेगी। उनका कहना है कि जब तक पूरी तरह भरोसेमंद स्थिति नहीं बनती, तब तक यह कदम जारी रहेगा।



■ होर्मुज से पास होने वाले जहाजों की निगरानी करेगी अमेरिकी नौसेना, ईरान पर ब्लैकमेल करने का आरोप
■ ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी भरे अंदाज में तुरंत इस जलमार्ग को खोलने की मांग की

ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान यह कहकर अस्थिरता पैदा कर रहा है कि समुद्री रास्तों में कहीं बारूदी सुरंगें (माइन) हो सकती हैं, जिससे जहाज मालिक जोखिम लेने से डर रहे हैं। उनके अनुसार, इसी वजह से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस स्थिति को वैश्विक दबाव और ब्लैकमेल बताया और कहा कि कोई भी देश, खासकर अमेरिका, इस तरह के दबाव में नहीं आएगा। ट्रम्प ने साफ कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस पूरे मामले पर सख्त नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर आगे कदम उठाए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा कि हालांकि ईरान की नौसेना और उसके अधिकांश बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाज पहले ही नष्ट किए जा चुके हैं, फिर भी इस पूरे मामले को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्री क्षेत्र में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं, जिससे जहाजों की आवाजाही पर खतरा पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में कोई भी जहाज मालिक जोखिम लेने को तैयार नहीं है, क्योंकि सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। इससे वैश्विक व्यापार और समुद्री आवागमन प्रभावित हो रहा है। अपने पोस्ट में ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और ईरान के बीच करीब 20 घंटे लंबी बातचीत हुई, लेकिन ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने दो टूक अंदाज में साफ कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान की नौसेना, एयरफोर्स और रक्षा प्रणाली कमजोर हो चुकी है और उन्होंने अमेरिका की सैन्य ताकत का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने हमला किया या बाधा डाली, तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी की जाएगी। अपने पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई एक बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि इस बातचीत में भारत और पाकिस्तान के बीच बड़े युद्ध को रोकने पर चर्चा हुई, जिससे लाखों लोगों की जान बची।

## वार्ता विफल होने के बीच ट्रम्प यूएफसी इवेंट में हुए शामिल

**फ्लोरिडा।** अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा रही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शनिवार को फ्लोरिडा में यूएफसी इवेंट में शामिल हुए। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ट्रम्प मियामी में यूएफसी 327 में पहुंचे, जहां फाइट देखने के लिए एरीना में जाने से पहले यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रम्प, पोती काई ट्रम्प उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल थे। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह मौजूदगी ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका की बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई और दोनों पक्षों के बीच मुख्य मतभेद अभी भी सुलझे नहीं हैं। इस्लामाबाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद वाशिंगटन और तेहरान किसी डील पर नहीं पहुंच पाए। ऐसे भू-राजनीतिक तनाव वाले माहौल के बीच ट्रम्प के इस इवेंट में शामिल हुए। आलोचकों का कहना है कि एक संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया। कई लोगों ने बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय तनाव के बीच एक हाई-एनर्जी फाइट नाइट में शामिल होने के नजरिए पर सवाल उठाए।

■ संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया

# एक बार फिर भारत और यूएई के मजबूत रिश्ते चर्चा में

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर के यूएई दौरे ने एक बार फिर भारत और यूएई के मजबूत रिश्तों को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने दुबई और अबू धाबी में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर भारत की चिंताओं और प्राथमिकताओं को सामने रखा। खास तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारतीय समुदाय की सुरक्षा और दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों पर जोर दिया गया।

जयशंकर ने बताया कि उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार और आर्थिक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही हालिया संघर्ष के दौरान यूएई में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देखभाल के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया गया। जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति के अलावा दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने भारतीय समुदाय की भावनाएं और अनुभव भी यूएई नेतृत्व तक पहुंचाए। विदेश मंत्री ने साफ कहा कि इस पूरे दौरे में भारतीय समुदाय उनकी सबसे बड़ी चिंता रहा। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान भारत में भी लोगों को उनकी सुरक्षा की चिंता थी। जयशंकर ने यूएई सरकार द्वारा भारतीयों की देखभाल के लिए आभार जताया और समुदाय की प्रतिक्रिया भी साझा की। बैठकों में ऊर्जा सहयोग, व्यापार और आर्थिक साझेदारी पर भी विस्तार से बात हुई। यूएई भारत का एक बड़ा रणनीतिक साझेदार है, इसलिए दोनों देशों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। यह भी माना गया कि मौजूदा हालात में आर्थिक सहयोग और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में हालात काफी जटिल हैं और भारत का इस क्षेत्र में बड़ा हित जुड़ा है। इसलिए सुरक्षा और स्थिरता पर खुलकर चर्चा हुई।



■ जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों को दिया पीएम मोदी का संदेश, राष्ट्रपति से भी की मुलाकात

# न्यू जर्सी में गोलीबारी से एक की गई जान

## न्यूयॉर्क में बुजुर्गों पर हमला करने वाला सनकी हमलावर ढेर

वाशिंगटन। अमेरिका के न्यू जर्सी और न्यूयार्क में हुई दो अलग-अलग हिंसक घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। पहली घटना न्यू जर्सी के यूनियन टाउनशिप की है, जहां एक मशहूर फास्ट-फूड रेस्टोरेंट 'चिक-फिल-ए' में शनिवार रात करीब 8:40 बजे अचानक गोलीबारी शुरू हो गई।

हमलावर रेस्तरां के अंदर घुसे और काउंटर के पीछे पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उस समय रेस्टोरेंट में कई ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे, जिससे वहां भगदड़ मच गई। इस हमले में कम से कम छह लोगों को गोली लगी है। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और यूनियन काउंटी प्रासिक्यूटर आफिस मामले की जांच कर रहा है। अभी तक हमलावरों की पहचान और हमले की वजह का पता नहीं चल पाया है। दूसरी घटना न्यूयार्क के ग्रैंड सेंट्रल स्टेशन की है। शनिवार सुबह करीब 9:50 बजे 44 साल के एंथनी ग्रिफिन ने बिना किसी उकसावे के तीन बुजुर्गों पर धारदार हथियार मचेती (एक बड़ा चाकू) से हमला कर दिया। हमलावर खुद को लुसिफर कह रहा था। इस हमले में एक 85 साल के बुजुर्ग के सिर पर गहरा घाव हुआ, एक 65 साल के व्यक्ति के सिर पर चोट आई और एक 70 साल की महिला के कंधे पर वार किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने हमलावर को हथियार डालने के लिए कई बार आदेश दिया, लेकिन उसने बात नहीं मानी। पुलिस ने उसे मदद की पेशकश भी की, लेकिन वह चाकू लेकर उनकी तरफ बढ़ने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

■ कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था

## रूस यूएन महासचिव पद के चयन प्रक्रिया में रहेगा सक्रिय: विदेश मंत्रालय

**मास्को।** रूस संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पर बारीकी से नजर रख रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से सक्रिय रहना चाहता है। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पुतनिक को दी। लोग्विनोव ने कहा कि रूसी पक्ष अगले महासचिव के चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से जांचने का इरादा रखता है। हम नामांकन प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है।

# तुर्की में नेतन्याहू समेत 35 लोगों पर केस

## 4600 साल तक जेल की सजा की मांग, मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा



■ इन जहाजों में खाने-पीने का सामान, दवाइयां और दूसरी जरूरी मदद भेजी जा रही थी

**इस्तांबुल।** तुर्की में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1102 साल से लेकर 4596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है। आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नाम का एक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था। इन जहाजों में खाने-पीने का सामान, दवाइयां और दूसरी जरूरी मदद भेजी जा रही थी। जांच के मुताबिक, जब यह फ्लोटिला अंतर्राष्ट्रीय समुद्र में था, तब इजरायली नौसेना ने इसे रोक लिया। आरोप है कि सैनिक जहाजों पर चढ़ गए, वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और जहाजों को आगे बढ़ने से रोक दिया। तुर्की का कहना है कि यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ थी, क्योंकि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय पानी में हुई थी और जहाज राहत सामग्री लेकर जा रहे थे। इसी वजह से इस पूरे मामले को गंभीर अपराध मानते हुए केस दर्ज किया गया है।

## दक्षिण लेबनान में इजरायली हमला, 5 की मौत

**काना।** लेबनान के दक्षिणी शहर काना में इजरायली हमले में 5 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा टायर जिले के अन्य इलाकों में भी हमलों की खबरें सामने आई हैं, जहां कई लोग घायल हुए हैं। काना शहर पहले भी 1996 और 2006 में बड़े हमलों का गवाह रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत से अब तक हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। हालिया हमलों में भी कई लोगों की मौत और घायल होने की पुष्टि की गई है।

# ताइवान सीमा के पास चीनी जहाज-लड़ाकू विमान की हलचल

**ताइपे।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को अपने समुद्री और हवाई क्षेत्र के पास चीन की बड़ी सैन्य गतिविधियों का पता लगाया है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि आज सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 8 पीएलएएन जहाजे, 2 पीएलए एयरक्राफ्ट और 4 सरकारी जहाज मौजूद थे।

इन 2 विमानों में से एक विमान ने ताइवान के दक्षिण-पूर्वी हवाई सुरक्षा क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। ताइवान की सेना (एमएनडी) ने इस पूरी स्थिति पर कड़ी नजर रखी और उचित जवाब दिया। इससे पहले शनिवार को भी चीन ने ताइवान की सीमाओं के पास भारी सैन्य दबाव बनाया था। शनिवार सुबह छह बजे तक चीन के 17 सैन्य विमान, 7 नेवी जहाज और 1 सरकारी जहाज ताइवान के पास देखे गए थे। खास बात यह है कि इन 17 विमानों में से 15 विमानों ने ताइवान की मधय रेखा को पार किया और उत्तरी व दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान पर चीन का दावा एक बहुत ही जटिल और पुराना मुद्दा है। बीजिंग का मानना है कि ताइवान चीन का एक अटूट हिस्सा है और यह उसकी राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। इसके उलट, ताइवान एक स्वतंत्र पहचान रखता है। वहां की अपनी सरकार, अपनी सेना और अपनी अलग अर्थव्यवस्था है। ताइवान की स्थिति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहस का विषय है।

# इराक में खत्म हुआ लंबा राजनीतिक गतिरोध

## निजार अमेदी बने देश के नए राष्ट्रपति, जल्द होगा नए पीएम का चुनाव

**बगदाद।** इराकी संसद ने राजधानी बगदाद में एक अहम मतदान के बाद पूर्व पर्यावरण मंत्री निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया है। संसद के अध्यक्ष हैबत अल-हल्बूसी ने रनआफ मतदान में अमेदी को 227 वोट मिलने के बाद आधिकारिक विजेता घोषित किया।

घोषणा के तुरंत बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने संवैधानिक रूप से पद की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण सत्र में 329 सदस्यों वाली संसद के करीब 250 सांसद मौजूद थे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए कम से कम 220 सांसदों की मौजूदगी जरूरी थी, इसलिए यह संख्या तय कोरम से अधिक थी। टीवी पर दिखाए गए सत्र के अनुसार, पैट्रियाटिक यूनियन आफ कुर्दिस्तान (पीयूके) के उम्मीदवार अमेदी को पहले दौर में 208 वोट मिले। उनके मुकाबले में खड़े कुर्दिस्तान इस्लामिक यूनियन के मुथन्ना अमीन को 17 और मौजूदा विदेश मंत्री फुआद हुसैन को 16 वोट मिले। पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया। अमेदी बगदाद में पीयूके के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं। वे 2022 से 2024 तक इराक के पर्यावरण मंत्री रहे हैं और पूर्व इराकी राष्ट्रपतियों के सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। इराकी संविधान के तहत नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के पास 15 दिनों के भीतर संसद के सबसे बड़े दल के नेता को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित करने का अधिकार होता है। इसके बाद नामित उम्मीदवार के पास 30 दिनों के भीतर नई कैबिनेट गठित करने और विश्वास मत प्राप्त करने का समय होता है। इराक में पिछले साल नवम्बर में संसदीय चुनाव हुए थे। इस मतदान से लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के खत्म होने का संकेत मिला है। कुर्द दलों के बीच सहमति की कमी और कोरम पूरा न होने की वजह से राष्ट्रपति का चुनाव बार-बार टल रहा था। साल 2003 के बाद इराक में सत्ता के बंटवारे की एक व्यवस्था बनी है। इसके तहत राष्ट्रपति का पद कुर्द समुदाय के लिए, संसद अध्यक्ष का पद सुन्नी और प्रधानमंत्री का पद शिया समुदाय के लिए आरक्षित है।



■ पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108